
तापमान
अधिकतम 23.8 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 21 दिसंबर 2023

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]



लाख कोशिशों के बाद भी नगर निगम शनिचरी जाने वाली सड़क से फर्नीचर दुकानों का सामान हटाने में सफल नहीं हो पाया है।

हाँ, ये सच है
1,49 990/-Only
2BHK FULL Furniture Interior
• Modular • Dining
• Bed. • TV Unit
• Almira
T&C APPLY
Home@Home
Near Science College, Bilaspur
Mo. 8109024488, 958444744

## सात साल पहले 6 करोड़ में ध्वनि प्रदूषण मापने के लिए खरीदी 648 मशीनें, उपयोग कभी नहीं किया, अब नए उपकरण खरीदने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आपको कुछ वर्षों से शहरों से लेकर गांव तक में देर रात तक कानफोडू डीजे बजते सुनाई दे जाएंगे। डीजे पर बजते अश्लील गानों और कानफोडू संगीत से जहां हृदय रोगियों के लिए कभी -कभी काल बन जाता है वहीं छोटे बच्चों के कान के पर्दों के फटने का भी भय बना रहता है। प्रशासन का सख्त निर्देश है की निर्धारित ध्वनि से अधिक आवाज में डीजे न बजाए और रात्रि 10 बजे के बाद हर हाल में डीजे बन्द हो जाना चाहिए, मगर डीजे संचालकों को कानून का कोई भय नही है और प्रशासन तो मानो कान में रुई लगाए बैठा है। पिछले 10 सालों में इक्का-दुक्का जब्ती के अलावा कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो सकी है। हाल यह है कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के पास पूरे प्रदेश में ध्वनि मापने के लिए सिर्फ 7 उपकरण हैं, जबकि हर जिले में कम से कम 20 ध्वनि प्रदूषण मापने के यंत्र होने चाहिए, जिससे समय-समय पर मापन किया जा सके। वर्ष 2014 और 2015 के बाद से पर्यावरण संरक्षण मंडल ने शादी समारोहों, धार्मिक आयोजनों समेत अन्य स्थानों पर कभी भी ध्वनि का मापन नहीं किया। खास बात है कि हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकार ने 6 करोड रुपए के 648 मीटर खरीदा जिसमें प्रत्येक जिले को 24 मीटर दिया जाना था। यह मीटर दिए भी गए लेकिन उनका उपयोग नहीं किया गया। अब बताया जा रहा है कि पुराने कंडम हो गए हैं और नए मीटर खरीदने की तैयारी हो रही है।

- वर्ष 2014 और 2015 के बाद पर्यावरण संरक्षण मंडल ने कभी नहीं की जांच
- समारोहों, धार्मिक आयोजनों समेत अन्य स्थानों पर कभी भी ध्वनि का मापन नहीं

### चौक- चौराहों पर ध्वनि तीव्रता अधिक



केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 के तहत हॉर्न की ध्वनि तीव्रता 93 डेसिबल तक है, लेकिन दुकानों में खुलेआम इसकी अनदेखी कर 118 डेसिबल वाले प्रेशर हॉर्न बेचे जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने 2022 में 100 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की थी। वहीं 2021 में यह आंकड़ा 120 के करीब रहा। शहर के चौक चौराहों पर ध्वनि प्रदूषण की पड़ताल की जाए तो ध्वनि तीव्रता निर्धारित डेसिबल से ज्यादा ही मिलेगी। कलेक्ट्रेट, मंगला चौक, नेहरू चौक, गोलबाजार में शाम से देर रात तक वाहनों से निकलने वाली आवाज 90 से 100 डेसिबल तक दर्ज होती है।

### हो सकती हैं स्वास्थ्य समस्याएं

डाक्टर नितिन योगी के अनुसार ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों में चिड़चिड़ापन, गुस्सा, हाई ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, सुनने की शक्ति में कमजोरी, अनिद्रा और सिर दर्द जैसे दुष्प्रभाव पड़ते है। ऐसे में हार्ट अटैक का भी खतरा रहता है। ध्वनि प्रदूषण से युवाओं की तुलना में बुजुर्गों और बच्चों को अधिक नुकसान होने का खतरा रहता है। जानवरों व पशु-पक्षियों पर भी इसका विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में जानवर ज्यादा हिंसक बन जाते हैं।

### कार्रवाई के दिए गए हैं निर्देश

जिले में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (साइलेंस जोन) घोषित किया गया है। इसके अनुसार हाईकोर्ट बिलासपुर परिसर व इसके प्रारंभिक और अंतिम बिन्दु तक, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय, समस्त शासकीय व अशासकीय चिकित्सालय, सभी शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थान और सभी शासकीय कार्यालयों व इनके 100 मीटर परिधि को शामिल किया गया है। सक्षम प्राधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन करने व कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

- **शिव बनर्जी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### हाईकोर्ट ने भी की है गंभीर टिप्पणी

ध्यान रहे कि इस मामले में उच्च न्यायालय में जनहित याचिका पर सुनवाई भी चल रही है। उच्च न्यायालय ने याचिका पर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में ध्वनि प्रदूषण कानून का कोई मतलब नहीं रह गया है। कोई भी कानून का पालन कराने के लिए तत्पर नजर नहीं आता। पालन कराने वाली एजेंसियां व अधिकारी बहरे हो गए हैं। इतनी सख्त टिप्पणी के बाद भी सरकार और अफसरों ने बाद से अब तक कोई बड़ी कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पर नहीं की। जबकि गाड़ियों में डीजे बजाने वालों के परमिट तक निरस्त करने तक के निर्देश है।

## खबर संक्षेप

### सूरज साहू होंगे बिलासपुर एसडीएम



**बिलासपुर।** राज्य शासन द्वारा संयुक्त कलेक्टर एवं बिलासपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ सुभाष सिंह राज को मुख्यमंत्री का ओएसडी नियुक्त किया गया है। डा राज रीलिव भी हो गए हैं। उनके भार मुक्त होने के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने जिले के दो अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की। जारी आदेश के अनुसार (संयुक्त कलेक्टर) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर सूरज कुमार साहू को बिलासपुर का नया एसडीएम नियुक्त किया है। वहीं महेश कुमार शर्मा (डिप्टी कलेक्टर) को तखतपुर एसडीएम की नई जिम्मेदारी दी है।

### एयू ने पहली बार बनाया 3 सदस्यीय महिला उड़नदस्ता

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा पहली बार महिला उड़नदस्ता का गठन किया गया है। इस उड़नदस्ता में तीन महिला प्राध्यापिकाओं को शामिल किया गया है और यह उड़नदस्ता कालेजों में पूरक परीक्षा के दौरान आकस्मिक निरीक्षण करेगी। इस बार पूरक परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है जिसकी वजह से नकल की रोकथाम को लेकर यूनिवर्सिटी गंभीर है। अटल यूनिवर्सिटी की ओर से पूरक परीक्षा 2023 के लिए महिला उड़नदस्ता का गठन किया गया है। इस महिला उड़नदस्ता का संयोजक शासकीय ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज की प्राध्यापिका प्रो. उषा राठौर को बनाया गया है।

### रिटर्न जमा करने 31 तक मौका

**बिलासपुर।** वित्तीय वर्ष 2022-23 के आयकर की धारा 139 के तहत रिटर्न भरने का अंतिम मौका 31 दिसंबर तक है। इस दौरान देरी से आयकर जमा करने वाले और पिछले वित्तीय वर्ष की फाइल में सशुल्क संशोधन कर सकेंगे। उसके बाद आयकर रिटर्न सामान्य तरीके से नहीं होगा। अभी अगर किसी की आय 5 लाख से कम है तो 1000 रुपए शुल्क के साथ और यदि आय 5 लाख से अधिक है तो 5000 रुपए शुल्क के साथ आयकर रिटर्न 31 दिसंबर के पहले जमा कर सकते हैं। कर सलाहकारों के अनुसार वर्ष 2022-23 के रिटर्न में टीडीएस या एडवांस टैक्स है और यदि रिफंड क्लेम करना है तो यह अंतिम अवसर है।

### ग्रामीण पर हमला, दो आरोपियों को 5 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने ग्रामीण पर जान लेवा हमला करने वाले दो आरोपियों को 5 साल कैद की सजा सुनाई है। 11 मार्च 2021 को शाम 7 बजे सकरी क्षेत्र के बहतराई निवासी घासीराम सूर्यवंशी को गुलाल तालाब के पास पुराने विवाद में गांव के गोलू उर्फ नारायण राव पिता राधेश्याम मराठा 34 साल, उसके छोटे भाई भोलाराम उर्फ विष्णु राव 28 साल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर लोहे की फरसी से सिर एवं चाकू से गला व अन्य जगहों पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट ने दोनों भाइयों को धारा 307 में 5 - 5 साल कैद व 500 - 500 रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से अधिवक्ता डीएस ठाकुर ने पैरवी की है।

## पारा 10 डिग्री पर पहुंचा



बुधवार की शाम 7 बजे रायपुर रोड पर कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई।

## ठंड में ठिठुरते स्कूल जा रहे बच्चे समय में नहीं हो रहा बदलाव

**बिलासपुर।** जिले में पिछले सप्ताह से ठंड बढ़ने लगी है। खासतौर पर छोटे बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, अंबिकापुर समेत कुछ जिलों में ठंड बढ़ने की वजह से वहां के स्कूलों का समय बदल दिया गया है। बिलासपुर में अभी भी स्कूल की टाइमिंग बदली नहीं गई है। यहां के अफसर अभी भी डीपीआई के आदेश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि अभिभावक बच्चों के स्कूल का समय बदलने की मांग कर रहे हैं। जिले में अब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के करीब पहुंच चुका है। सुबह 6 बजे से स्कूल जाने के लिए छोटे-छोटे बच्चे तैयार हो रहे हैं। 7 बजे ऑटो, स्कूल बसों और वेन के साथ ही माता-पिता के साथ ठिठुरते हुए स्कूल जाते दिखाई दे रहे हैं। ठंड से बचने के लिए बच्चे स्वेटर लपेटे दिखाई दे रहे हैं। इधर स्कूलों में सुबह कक्षाओं में ठंडक होने के कारण शिक्षक बच्चों को स्कूल के बाहर धूप में पढ़ा रहे हैं। इसके बाद भी अफसर बच्चों के स्कूलों का समय बदलने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

- प्रदेश के कई जिलों में जारी हो चुका है आदेश

### सामान्य से 4 डिग्री नीचे आया तापमान

जिले में न्यूनतम तामपान लगातार गिरता जा रहा है। बुधवार को जिले में अधिकतम तापमान 23.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री नीचे था। न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 3 डिग्री नीचे था। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी हवाओं के कारण नमी आ रही है। प्रदेश में अभी न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होगा। दिसंबर के अंतिम दिनों में कड़ाके की ठंड बढ़ेगी।

### डीपीआई से नहीं आया आदेश

ठंड में स्कूलों के समय बदलने के लिए अभी डीपीआई से कोई आदेश नहीं आया है। लेकिन इस संबंध में जिला कलेक्टर से चर्चा की जाएगी। उनके अनुमोदन के बाद स्कूलों के समय में बदलाव किया जा सकता है।

- **टीआर साहू,** डीईओ बिलासपुर

### खमतराई रोड व बिरकोना नहर किनारे की जमीन पर अवैध प्लाटिंग

## अवैध प्लाटिंग पर फिर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध प्लाटिंग के मामले में नगर निगम का बुलडोजर फिर चला है। बुधवार को नगर निगम द्वारा खमतराई रोड व अशोक नगर के पीछे बिरकोना नहर के पास दो जगहों पर अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई है। इन दोनों जगहों पर अवैध प्लाटिंग कर कच्ची सड़क बनाई गई थी, जिसे निगम ने जेसीबी से उखाड़ दिया है।

नगर निगम एरिया में अवैध प्लाटिंग को लेकर फिर से कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम के भवन शाखा और अतिक्रमण शाखा की टीम द्वारा आज कार्रवाई करते हुए दो जगहों पर अवैध प्लाटों पर बुलडोजर चलवाया गया है। अशोकनगर में पत्रकार कालोनी के पीछे बिरकोना नहर से लगी 7 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी और प्लाट में आने-जाने के लिए मुरूमीकृत कच्ची सड़क का निर्माण भी कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि यहां पर राजू गर्ग नामक व्यक्ति द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसी तरह खमतराई रोड में अवैध प्लाटिंग कर डब्लूबीएम सड़क बना ली गई थी। यहां पर अरविंद त्रिपाठी, गनपत सिंह राजपूत, विष्णु सिंह पटेल द्वारा अवैध प्लाटिंग करना बताया जा रहा है। निगम की टीम आज पहले अशोकनगर के पीछे वाले एरिया में कार्रवाई के लिए पहुंची और बुलडोजर से मुरूम बिछाकर बनाई गई कच्ची सड़क को उखाड़ दिया। इसके बाद खमतराई रोड में निगम अमले ने कार्रवाई की और वहां पर अवैध प्लाट पर गिट्टी बिछाकर डब्लूबीएम सड़क बनाई गई थी, जिस पर बुलडोजर चलवाया गया है। नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग के मामले में काफी दिनों बाद कार्रवाई की गई है।



अशोक नगर में अवैध प्लाटिंग के लिए बनाई गई सड़क को खोदते निगमकर्मी।

### आठों जोन क्षेत्र में चल रहा सर्वे

निगम द्वारा अपने सभी आठों जोन क्षेत्र में सड़कों पर अतिक्रमण, शासकीय भूमि पर बेजा कब्जा व अवैध प्लाटिंग को लेकर सर्वे करा रहा है। सर्वे में ऐसे जगहों का चिहांकन किया जाएगा, उसके बाद निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों नगर निगम द्वारा शासकीय मदिरा दुकानों के समीप संचालित अवैध अहातों एवं चकना दुकानों के खिलाफ अभियान छेड़ा गया था और एक-एक कर शहर के सारे चकना दुकानों को तोड़ा गया है।

### तीन खसरा नंबरों पर चला बुलडोजर

नगर निगम द्वारा आज अशोकनगर से लगे हुए बिरकोना नहर के पास अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाया गया है। यहां पर तीन खसरा नंबरों 1259, 1242 और 1262 में अवैध प्लाट काटा गया था। प्लाटिंग करने वाले द्वारा नियमों, मापदण्डों को दरकिनार कर प्लाटिंग की जा रही थी और प्लाट में आवागमन के लिए कच्ची सड़क का निर्माण करा लिया गया था।

## कोयला, रेत और मिट्टी के अवैध परिवहन पर 11 वाहन जब्त, 8 लाख की पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 11 वाहनों को जब्त किया है। इनके खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है। जब्त वाहनों में 4 वाहनों में रेत, 3 वाहनों में चूना पत्थर (गिट्टी), 2 वाहनों में कोयला, 1 वाहन में मुरूम, 1 वाहन में मिट्टी (ईट) का अवैध परिवहन किया जा रहा था। खनिज विभाग ने इन पर करीब 8 लाख की पेनाल्टी लगाई है।

खनिज अमला पिछले कुछ दिनों से सक्रिय है और अवैध उत्खनन के साथ परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी है। पिछले दो दिनों में खनिज विभाग ने कोनी, रतनपुर, मस्तूरी, सिरगिट्टी एवं बिलासपुर क्षेत्रों में सतत निरीक्षण कर अवैध खनिज परिवहन कर रहे कुल 11 वाहनों को पकड़ा। इन सभी वाहनों को संबंधित थाना क्षेत्र और खनिज जांच नाका लावर (मस्तूरी) में सुरक्षार्थ रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक जब्त खनिज वाहनों पर खनिज अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह दोमुहाना (बिलासपुर) क्षेत्र में प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध मिट्टी उत्खनन का एक प्रकरण दर्ज कर 80 हजार 200 रुपए की पेनाल्टी राशि अलग से लगाई गई है। अधिकारियों के अनुसार उक्त कार्रवाई के अतिरिक्त शिकायत के आधार पर ग्राम मनपहरी एवं तेन्दुवा में स्वीकृत चूनापत्थर खदानों की जांच की गई। जांच में 2 पट्टेधारियों द्वारा खदान क्षेत्र में पट्टा अनुबंध की शर्तों एवं नियमों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। नियमों एवं शर्तों का उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई की जा रही है।

- कोनी, रतनपुर मस्तूरी, सिरगिट्टी एवं बिलासपुर क्षेत्रों में कार्रवाई
- ग्राम मनपहरी एवं तेन्दुवा में स्वीकृत चूना पत्थर खदानों की जांच भी हुई

### खनिज विभाग की कार्रवाई



### प्रतिबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा

खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 11 वाहनों को जब्त किया है। इनके खिलाफ खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है। साथ ही खनिज अमले द्वारा रेत उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा।

- **दिनेश मिश्रा,** उपसंचालक, खनिज विभाग

### रेत के अवैध उत्खनन पर सीधे एफआईआर

खनिज उपसंचालक दिनेश मिश्रा के मुताबिक खनिज अमला द्वारा रेत उत्खनन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्रों का भी सतत निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र से यदि अवैध रेत उत्खनन-परिवहन के मामले दर्ज होने पर पुनः एफआईआर अथवा न्यायालय में परिवाद दर्ज कराया जाएगा। दरअसल लाख कोशिशों के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है। शहर से लगे ग्राम कछार स्थित रेत घाट को खनिज विभाग ने एक वर्ष पूर्व बंद किया था। रेत घाट मार्ग पर लोहे के पाइप लगाने के साथ गर्डर लगाया था। साथ ही एक बोर्ड लगाकर रेत घाट से अवैध उत्खनन करने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। रेत माफियाओं ने बोर्ड को उखाड़ फेंकने के साथ गर्डर के बाजू से वाहन आने और जाने का रास्ता बना लिया है। यहां से रात में रेत उत्खनन के साथ कछार में डंप करने और रात में ही सप्लाई करने का खेल शुरू कर दिया है। मजे की बात यह है कि नदी से पानी कम होने पर बहकर आई चिकनी रेत की कीमतें भी बढ़ा दी गई हैं।

### स्टापेज कम होने के बाद भी सुबह वाली ट्रेन शाम को पहुंच रही

## 4 गुना अधिक किराया फिर भी दूरंतो लेटलतीफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामान्य किराए से चार गुना लेने के बाद भी दूरंतो में सफर करने वाले यात्रियों को सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। समय पर पहुंचने के लिए दूरंतो एक्सप्रेस का स्टापेज कम स्टेशनों पर होने के बावजूद घंटों विलंब से चलने के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं।

सीएसएमटी मुम्बई से हावड़ा और पुणे से हावड़ा के बीच चलने वाली दूरंतो एक्सप्रेस का पहले छत्तीसगढ़ के एक मात्र जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में स्टापेज केवल भोजन, नाश्ते के लिए दिया जाता था। पांच मिनट के ट्रेन बिलासपुर स्टेशन में रूकने के दौरान यात्रियों के लिए भोजन और पानी चढ़ाने के बाद ट्रेन रवाना हो रही थी, जिसमें यात्रियों को सफर करने के लिए नागपुर या फिर टाटा से रिजर्वेशन कराना पड़ रहा था। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने दूरंतो एक्सप्रेस का कामर्शियल स्टापेज बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन में शुरु किया है। दूरंतो के सारे कोच एसी हैं, जिसमें सफर करने का किराया फ्लैक्सी फेयर की तरह लगता है। यानि जैसे जैसे बर्थ कम होती जाती है, वैसे ही यात्रियों को सफर करने के लिए किराए से चार गुना राशि देनी पड़ती है। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट व सामान्य ट्रेनों के स्टापेज से अलग दूरंतो एक्सप्रेस का स्टापेज दिया गया है, ताकि यात्रियों को समय पर अपने गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो सके। वर्तमान में चल रही दूरंतो एक्सप्रेस का स्टापेज नागपुर के बाद सीधे बिलासपुर और बिलासपुर के बाद सीधे टाटा स्टेशन में है। समय पर पहुंचने की उम्मीद लेकर यात्री चार गुना राशि देकर दूरंतो एक्सप्रेस में सफर तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। दूसरी ट्रेन के साथ सुबह 10 बजे तक पहुंचने वाली दूरंतो एक्सप्रेस शाम 7 बजे के बाद बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंच रही है, जिसकी वजह से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के साथ स्टेशन में सुबह से इंतजार कर रहे यात्री भी हलाकान हो रहे हैं।



## सुन्दर लाल विवि के कुलपति को धमकी, बेटे को मार देंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पं सुन्दर लाल शर्मा के कुलपति को गुमनाम पत्र के माध्यम से नई भर्तियों के नाम पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई है। उन्होंने घटना की लिखित शिकायत कोनी थाने में की है। पुलिस धमकी देने वाले की तलाश कर रही है।

कोनी टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, पं सुन्दरलाल विश्व विद्यालय के कुलपति डा. बंस गोपाल सिंह को एक गुमनाम लेटर के माध्यम से अज्ञात के द्वारा धमकी दी गई है। इसमें लिखा है कि नए लोगों की भर्ती मत करना, कुछ लोगों का वेतन बढ़ा दिए हो, हमारा वेतन नहीं बढ़ाते हो। आपका बेटा कहां घूमता फिरता है, हमें इसकी जानकारी है। ऐसा नहीं करने पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई है। कुलपति डा. सिंह ने मामले की लिखित शिकायत थाने में की है। शिकायत पर धमकी देने वाले की पतासाजी की जा रही है।

- नई भर्तियों के नाम पर दी गई धमकी
- थाने में हुई शिकायत


अजातशत्रु, राजनीति के अपराजेय योद्धा,
छत्तीसगढ़ महतारी के लाड़ले सपूत,
प्रदेश में सर्वाधिक वोटों से विजयश्री प्राप्त कर
लगातार आठवीं बार विधायक बनने वाले
माननीय
श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
( विधायक रायपुर दक्षिण )
के प्रथम नगर आगमन पर
नंदन...
वंदन...
अभिनंदन...
मनोज भंडारी
नरेन्द्र कछवाहा
प्रवेश चड्डा
संजय खण्डेलवाल
नितेश गेमनानी
ललित अग्रवाल

## खबर संक्षेप

### पंधी स्कूल में ओपन स्कूल परीक्षा फार्म शुरु

**सीपत।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पंधी के प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि मुख्य परीक्षा 2024 हेतु हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा फॉर्म का वितरण प्रारंभ हो गया है। विद्यार्थी शीघ्र फॉर्म लेकर अध्ययन केंद्र में निर्धारित समय में जमा कर सकते हैं। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पंधी को 10 वी, 12 वीं ओपन परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इच्छुक विद्यार्थी के लिए परीक्षा फार्म विद्यालय में उपलब्ध है। कार्यालय समय मे वे ऑनलाइन या स्कूल में अपना फार्म भर सकते हैं।

## निधन

### सरोजनी देवी केशरवानी



**मुंगेली।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी पूर्व सांसद एवं विधायक की धर्मपत्नी श्रीमती सरोजनी देवी केशरवानी का 86 वर्ष की आयु में बुधवार 20 दिसंबर को सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भवानी बाग में किया गया। श्रीमती सरोजनी देवी केशरवानी महिला समाज की प्रथम अध्यक्ष थी। पति के राजनीति में होने के चलते वे समाज सेवा के कार्यों में भी जुड़ी रही। सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता से भाग लेने एवं महिलाओं से संबंधित त्यौहारों एवं कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी रहती थी। उन्होने रायपुर रोड स्थित केशरवानी समाज के धर्मशाला के लिए 4 हजार वर्ग फीट की जमीन दान में दी। वे स्व. विनोद केशरवानी, कैलाश केशरवानी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी की माता एवं निलेश केशरवानी, अभिषेक केशरवानी की दादी थी। इसमें बड़ी संख्या में नागरिक एवं सामाजिक लोग उपस्थित थे।

### शांति देवी छुगानी



**बिलासपुर।** साईं होम्स परिसर विद्या नगर मकान नं. 2 निवासी शांति देवी छुगानी का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे बच्चु लाल छुगानी की पत्नी तथा राहुल छुगानी एवं डा. सतीश छुगानी की मां थीं।

### प्रकाश जावलकर



**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड महामाया विहार निवासी प्रकाश जावलकर का 19 दिसंबर को निधन हो गया। वे 71 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया । वे प्रदीप जावलकर के बड़े भाई एवं आशीष जावलकर के पिता थे।

### लक्ष्मीनारायण पाण्डेय



**बिलासपुर।** उसलापुर साईं नगर निवासी लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (अफरीद वाले) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में हुआ। वे शिवशंकर, मणिशंकर पाण्डेय के पिता एवं आदर्श पाण्डेय के पिता थे।

### प्रोमिला बेनेट



**तखतपुर।** शरन नगर तखतपुर निवासी प्रोमिला बेनेट 65 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय प्रभु की वाटिका तखतपुर में किया गया। वे पूर्व पार्षद विनसेंट बेनेट, प्रितिंकाता बेनेट की बड़ी बहन, विवेक बेनेट, मधु बेनेट की बुआ थीं।

# क्रिसमस सेलिब्रेशन: सांता क्लॉज बने बच्चों ने कहा-मैरी क्रिसमस

## मिशन स्कूल में मना एनुअल डे, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मिशन कान्वेंट प्रायमरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को एनुअल डे के साथ ही क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। 3 से 8 साल के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। छोटे-छोटे बच्चों ने सांता क्लॉज की वेशभूषा पहन रखी थी और मैरी क्रिसमस की बधाई दे रहे थे। स्कूल की प्राचार्या तनुजा पॉल ने बताया कि एनुअल डे के साथ ही स्कूल में क्रिसमस सेलिब्रेशन के इस प्रोग्राम में सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल में पहली बार एनुअल-डे मनाया जा रहा है। अब प्रतिवर्ष इस तरह का प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। स्कूल की शिक्षिका अंकिता समर्थ प्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर बच्चे सप्ताहभर से तैयारी कर रहे थे। अलग-अलग कास्ट्यूम में बच्चे तैयार होकर आए और स्टेज में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ डायसिस के वाइस प्रेसिडेंट नितिन लॉरेंस, विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव जयदीप एस रॉबिंसन, हरिभूमि जीएम प्रियंक सिंह परिहार सहित अजय जॉन, मौसमी रॉबिंशन रहीं। इस दौरान स्कूल के शिक्षक आश्मी चौहान, रश्मि सेमवल सहित बच्चे और उनके अभिभावक शामिल हुए।

- **बच्चों को पुरस्कारों का हुआ वितरण**

### जीसस के जन्म पर नाट्य मंचन का आयोजन

स्कूल में कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक नाट्य मंचन का आयोजन किया गया, जिसमें जीसस क्राइस्ट के जन्म की कहनी को दिखाया गया। इसके अलावा बच्चों ने रंगारंग एवं मनमोहक डांस प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में तनिष्क नामदेव को दौड़ में प्रथम आने पर उन्हें पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा एनुवल डे पर स्कूल में हुए खेल और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मैडल का वितरण किया गया।

## क्रिसमस ट्री कार्यक्रम में बच्चों को बांटे गिफ्ट



डिसाइपल्स चर्च ऑफ खाईस्ट सिविल लाइन में पास्टर एंजल नथानियल के नेतृत्व में क्रिसमस ट्री एवं ज्योतिर्मय आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्रिसमस ट्री में चर्च के जवानों ने 0 से 12 वर्ष तक के कलीसिया के बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट प्रदान किया गया। गिफ्ट का वितरण पादरी अनुराग नथानियल, चर्च कौंसिल के अध्यक्ष ए डेनियल एवं स्वप्निल नवगिरे ने किया। इसके बाद कलीसिया की सान्या, शिनी, प्रीति, निशू, अर्पण, आशा दास सहित अन्य बच्चों ने क्रिसमस गीत नाचते हुए गाया। अंत में एक जवान ने क्रिसमस फादर के वेश में आकर बच्चों का खूब मनोरंजन किया। उन्हें चॉकलेट देकर गेम भी खिलाया गया। इसका बच्चों ने जमकर आनंद उठाया। वहीं कार्यक्रम स्थल में क्रिसमस ट्री सजाया गया जो कि दर्शनीय रही। इस मौके पर कलीसिया के बच्चों एवं उनके पैरेंट्स भारी संख्या में उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालकों को मिली राहत



**बिलासपुर।** प्रमोशन संशोधन के मामले में हाईकोर्ट से शिक्षा विभाग के निलंबित संयुक्त संचालकों को बड़ी राहत मिल गयी है। कोर्ट ने सभी संयुक्त संचालकों का निलंबन रद्द करते हुए उन्हें पुराने जगहों पर यथावत कर दिया है। दरअसल अगस्त महीने में शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षकों के प्रमोशन संशोधन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार संयुक्त संचालक सहित 10 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया था।

शिक्षा विभाग की दलील थी कि संयुक्त संचालकों को प्रमोशन संशोधन का आदेश ही नहीं था। अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर इन अधिकारियों ने सहायक शिक्षकों की पोस्टिंग में संशोधन किया। इस मामले में कुछ शिक्षकों ने भी शिकायत की थी, जिसके बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे ने चार संयुक्त संचालक, 1 डीईओ समेत 10 अधिकारियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया था। किसी भी मामले में प्रदेश में ये अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी।हालांकि नियमानुसार किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को सस्पेंड करने के 90 दिन के भीतर आरोप पत्र दायर करना होता है। इस बीच अगर अगर सस्पेंशन को बढ़ाने की नौबत आती है, तो कारण सहित आरोप पत्र दोबारा से जारी करना पड़ता है। लिहाजा विभागीय कमियों को आधार बनाकर सरगुजा के संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय, रायपुर के जेडी के कुमार, बिलासपुर के जेडी एसके प्रसाद और दुर्ग के जेडी जीके मरकाम ने कोर्ट में याचिका दायर की। इस मामले में इसी महीने 12 दिसंबर, 13 दिसंबर और फिर 14 दिसंबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने फैसला दिया है। आदेश के मुताबिक कोर्ट कोर्ट ने सस्पेंशन आर्डर निरस्त किया है और वहीं जो शिक्षा विभाग ने सस्पेंशन को एक्सटेंड करने का आदेश दिया था उसे भी निरस्त किया है।

### कोर्ट ने डीजीपी को किया जवाब तलब

हाईकोर्ट में चल रहे आपराधिक मामलों की सुनवाई में ज्यादातर पुलिस डायरी समय पर पेश नहीं की जाती। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से शपथपत्र पर जवाब देने को कहा है। प्रकरण की अगली सुनवाई में 21 दिसंबर को उन्हें यह शपथपत्र प्रस्तुत करने कहा गया है। दरअसल जिस भी इलाके के थाना क्षेत्र से मामला सबंधित होता है, वहां के थाना प्रभारी को पुलिस डायरी कोर्ट तक पहुंचानी होती है। केस डायरी समय पर नहीं मिलने के कारण सुनवाई में रुकावट आती है। लगातार कई मामलों में यह स्थिति सामने आने के बाद कोर्ट ने डीजीपी से जवाब तलब किया है।

# गाली देने से रोका, कैफे संचालक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गाली देने से मना करने पर युवकों ने गुंडागर्दी करते हुए कैफे संचालक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, लिंगियाडीह निवासी नागेन्द्र यादव पिता शिवमुरत यादव नेहरू चौक में फास्ट फूड कैफे चलाते हैं। 19 दिसंबर की रात आकर्ष राव उनके कैफे में गया। उसके बाद 8.15 बजे धर्मेन्द्र गौतम अपने साथियों के साथ कैफे के सामने आकर नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे थे। श्री यादव ने उन्हें गाली गलौज करने से मना किया तब युवक वहां से चले गए। कुछ देर बाद वापस आकर गाली गलौज करते हुए धर्मेन्द्र गौतम मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ के कंधा में चोट आई है। आकर्ष राव ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट किया गया है। पुलिस ने श्री यादव की रिपोर्ट पर धर्मेन्द्र गौतम व अन्य के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**नेहरू चौक में हुई वारदात**

### पेट्रोलिंग गाड़ी से उताकर हमलावर को पीटा

मारपीट करने के बाद गोलबाजार रोड निवासी धर्मेन्द्र गौतम पिता राजेश गौतम कुदूदण्ड की ओर भाग रहा था। कैफे संचालक के युवक उसका पीछा कर रहे थे। धर्मेन्द्र ने आरोप लगाया है भागते समय पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी आने पर वह रोक उसमें बैठ गया। युवकों ने उसे पुलिस गाड़ी से उतारकर जमकर मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। बेहोशी के हालत में उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। धर्मेन्द्र की मां ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

### बडे भाई पर हंसिया से हमला कर सिर फोड़ा

रतनपुर निवासी ग्राम भरारी निवासी गोविंदा उर्फ सोनू मेहर पिता श्याम सुंदर मेहर जूता चप्पल की दुकान चलाते हैं। 19 दिसंबर की शाम 7.30 बजे अपने दुकान में बैठे हुए थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई सुरेश मेहर गाली गलौज कर रहा था। उन्होंने गाली गलौज करने से मना किया तो सुरेश ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर हंसिया से हमला कर सिर फोड़ दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बेखौफ चल रहे स्मोकिंग कैफे

हुक्का बार में कार्रवाई के बाद शहर में शिव टाकीज चौक, रिंग रोड टू, नेहरू नगर, नेहरू चौक सहित अन्य जगहों पर बेखौफ स्मोकिंग कैफे चल रहे हैं। कैफे में विभिन्न प्रकार की सिगरेट के अलावा चाय, फास्ट फूट के सामान उपलब्ध रहते हैं। युवक युवतियां सिगरेट के धुंए का छल्ला उड़ाते पार्टी मनाते रहते हैं। देर रात तक कैफे में युवक युवतियों का जमावड़ा लगा रहता है।

### सब्जी काटने के चाकू से हमला

गाली देने के नाम पर दो गुटों के बीच मारपीट की गई है। एक पक्ष ने पास में खड़े गुपचुप ठेला से सब्जी काटने के चाकू उठाकर कैफे संचालक पर हमला किया है। वहीं दूसरे पक्ष ने हमलावर के साथ मारपीट की गई है। हमलावर इलाज के लिए सिम्स में भर्ती है। दोनो पक्षों के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

-प्रदीप आर्या सिविल लाइन टीआई




## ग्रापं लावर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत लावर में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का वेन सुबह 9 बजे विकास खंड के ग्राम पंचायत लावर परिसर में पहुंच गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार विकासखंड के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिसके माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई । यात्रा में नायब तहसीलदार श्री लहरे , विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज, डीईओ श्री देवांगन, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी रुचि विश्वकर्मा, सहायक लेखा अधिकारी अभिषेक तंबोली, उप अभियंता माधुरी शर्मा, संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी श्री साहू , तकनीकी सहायक संजय पटेल, त्रिभुवन प्रसाद, सरपंच राजकुमारी पटेल, उपसरपंच महेंद्र कुमार महिलांगे, सचिव किरण लता सहित व ग्रामवासीशामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक उमेश शर्मा व आभार प्रदर्शन सतीश महिलांगें ने किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को अन्य ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया गया।



## सेजेस स्कूल सेंदरी में छात्र छात्राओं को ब्लेजर का वितरण

**बिलासपुर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल सेंदरी में दसवीं,ग्यारहवीं एवं बारहवीं के 400 बच्चों को विलेजर प्रदान किया गया । प्राचार्य श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम सेंदरी के गणमान नागरिकों के सहयोग एवं स्टाफ की उपस्थिति में समस्त 400 बच्चों को शीत लहर से बचाव के लिए विलेजर प्रदान किए गए । विलेजर पाकर बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान देखते ही शाला परिवार ,केंद्रीय विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर के बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं अतिथियों को संतोष मिला। विलेजर वितरण में मुख्य भूमिका राजेंद्र साहू पूर्व सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र भारद्वाज, लक्ष्मी सिन्हा, महेश भोई, राज कैवर्त्य, विक्की सोनवानी एवं सुरेंद्र ध्रुव प्रमुख थे । कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीता पांडेय, साधना शर्मा, संगीता जायसवाल, विपिन साव, सीके खुबालकर, आरडी वैष्णव, अलका मिश्रा, शबाना परवीन, पूजा गुप्ता, साधना जायसवाल, बीके धुर्वे, पूनम जायसवाल, संगीता शुक्ला, अमित तिवारी उपस्थित थे।




### आयोजन में 38 जोड़ों के बीच बनी सहमति

# ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

बिलासपुर ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिद्धि मुस्कान भवन अशोक नगर सरकंडा में आयोजित किया गया। इसमें अतिथि जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी, समाजसेवी गौरव तिवारी, शिल्पी तिवारी, समाज सेवी अशोक तिवारी थे।

ब्राह्मण युवा आयाम के संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन का इस बार छठवाँ वर्ष था। इस वर्ष 38 जोड़ो में सहमति बनी और 400 से ज्यादा पंजीयन प्राप्त हुआ। हमारे द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के अलावा 12 से 15 राज्य और विदेशों से भी पंजीयन आए, जिससे हमारा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया। इस आयोजन को करने का सौभाग्य हमे मिलता है और हमारी बात विदेशों तक पहुंचती है। इस वर्ष कार्यक्रम में जर्मनी, पेरिस, लंदन, जम्मू एवं कश्मीर, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्णाटक, पंजाब, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल आदि राज्यो से आए ब्राह्मण परिवारों की उपस्थिति में ब्राह्मण महासम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सस्मिता शर्मा एवं रविन्द्र उपाध्याय द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में ब्राह्मण युवा आयाम के पं.रविन्द्र उपाध्याय, सत्येन्द्र शर्मा, श्यामलाल दुबे श्यामू, रतिन्द्र उपाध्याय, सौरभ तिवारी, डा.क्रांति शास्त्री, आयुष दुबे, गौरव शुक्ला, शुभम बाबा पाण्डेय, शिवकुमार तिवारी, शुभम पाठक, ऋषभ शर्मा, हर्ष तिवारी, आकाश तिवारी, गौरव दुबे, मानस मिश्रा, विक्की पाण्डेय, हरिशंकर तिवारी, पियूष शुक्ला, आशुतोष मिश्रा, दिशु दुबे, प्रतीक तिवारी, सूरज दुबे, दुर्गेश मिश्रा, राजेन्द्र गौरहा, दीपक तिवारी, सार्थक उपाध्याय, अभ्युदय तिवारी, महिला विंग से डॉ वीणा तिवारी, सस्मिता शर्मा, सुलेखा शर्मा, मुक्ता उपाध्याय, भाविनी त्रिपाठी, स्वाति उपाध्याय, ओजल शुक्ला, भाव्या शुक्ला, रंजीता मिश्रा, भावना तिवारी, उपासना दुबे, जया तिवारी, काव्या दुबे, प्रिया शर्मा, अचला तिवारी, रूपल चतुर्वेदी, मधु तिवारी, प्रमिला मिश्रा, अल्का तिवारी, प्रिया तिवारी, रिमझिम दुबे, श्रुति शर्मा, प्रतिभा गौरहा, सृष्टि शर्मा, संगीता तिवारी, अनिता तिवारी, शगुन उपाध्याय अन्नपूर्णा अवस्थी आदि ब्राह्मण युवा आयाम के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ठंड से लोगों को हो रही परेशानी अलाव जलाने की गई मांग



**तखतपुर।** भाजपा पार्षदों सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर नगर में अलाव जलवाए जाने मांग की है। सदस्यों का कहना है कि कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। अलाव जलाया जाए, जिससे लोगों को ठंड से राहत मिल सके। ज्ञापन में सदस्यों ने कहा कि सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। घने कोहरे और बढ़ती ठंड से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मगर अभी तक नगर पालिका द्वारा अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ठंड के चलते रात को नगर में परेशानी को देखते हुए अलाव की व्यवस्था की जाए। भाजपा पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने कहा सबसे ज्यादा परेशानी सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। महाराणा प्रताप चौक पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड, संस्कृतिक भवन, शीतला चौक, होलिका चौक, पुराना थाना, सदर मार्केट, टोनी डबरी तालाब ऐसी जगहों पर अलाव जलने से लोगों को ठंड से काफी राहत मिलेगा। आवेदन देने में शामिल रहे पार्षद कोमल सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, शिव देवांगन, नरेंद्र मौजूद थे।

### शालेय खेलकूद सप्ताह का शुभारंभ दौड़ स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**मल्हार।** अंचल के सबसे बड़ी शैक्षणिक संस्था टाईम्स एजुकेशन वर्ल्ड एवं एमडीएम उच्चतर माध्यमिक शाला मल्हार में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी खेलकूद सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, फ्लोसाइक्लिंग, जलेबी दौड़ एवं आलू दौड़ में हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। स्पोर्ट्स प्रभारी शिक्षिका किरण जायसवाल ने बताया कि खेलकूद सप्ताह आयोजन में नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं अपने मनपसंद खेलों में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। खेलकूद के सप्ताहिक आयोजन में खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, बैडमिंटन आदि खेलों का समावेश होगा, जिसमें शालेय छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। प्राचार्य शुभम शर्मा, प्रधान अध्यापिका वसुधा जायसवाल तथा स्टाफ के सभी शिक्षक इस वृहद आयोजन को सफल बनाने उत्सुकता के साथ लगे हैं।

### छात्राओं को कराया गया कानन पेण्डारी का शैक्षणिक भ्रमण




**मुंगेली।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मुंगेली छात्राओं एवं प्राध्यापक के द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड बिलासपुर एवं कानन पेंडारी बिलासपुर में शैक्षिक भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सर्वप्रथम केंद्रीय रेशम बोर्ड बिलासपुर जाकर यहां रेशम पालन से संबंधित जानकारी श्रीमति सविता अग्रवाल एवं श्रीमती अंजना दुबे द्वारा विभिन्न प्रजाति एवं उनके जीवन चक्र को दिखाया गया। इसके साथ ही उसके उत्पादों के बारे में जानकारी दी गई। दोपहर के समय कानन पेडारी बिलासपुर पहुंचे। यहां पर वन्यजीव जंतुओं के विभिन्न प्रजातियों का अवलोकन किए गए। सहायक प्राध्यापक राजेश घोषले के द्वारा छात्रों को बताया गया कि जैव विविधता को बनाए रखने एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए वन्य जीवों का विशेष महत्व है। इससे वन्य जीवों के प्रति जागरूकता एवं सहानुभूति उत्पन्न होती हैं। वाणिज्य प्राध्यापक मदन कश्यप, सहायक प्राध्यापक राजनीति सुरेंद्र तिग्गा एवं श्रीमती प्रेमा कुजूर, सुश्री कुमारी मधु यामिनी वनस्पति शास्त्र, अविनाश राठौर गणित, सहायक प्राध्यापक सुश्री भास्कर एवं अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक भेसन लाल साहू सम्मिलित थे।

### ए स्माल स्टेप फाउंडेशन ने किया जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण



**मुंगेली।** वनग्राम भाकुर में प्रयास ए स्माल स्टेप फाउंडेशन टीम द्वारा वनभोज, चिकित्सा शिविर एवं वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जगन्नाथ मल्टिस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा चिकित्सा जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण प्रयास संस्था के माध्यम से किया गया। इसमें 350 के लगभग मरीजों की जांच एवं दवा वितरण किया गया। कुई कुकदुर के सरकारी हॉस्पिटल की टीम भी इस शिविर में सहयोगी रहे। जगन्नाथ हॉस्पिटल विगत 7 वर्षो से संस्था के साथ मिलकर लगातार वनवासी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। इस वर्ष भी जगन्नाथ हास्पिटल का योगदान सराहनीय रहा। चिकित्सा जांच के पश्चात वनभोज हुआ, जिसमें संस्था के सदस्यों द्वारा वनवासियों को बड़े प्रेम से बैठाकर भोजन कराया गया। इसमें 1200 के लगभग वनवासी पुड़ी, हलवा, सब्जी, चावल, दाल जैसे स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिए।

### पुलिस व नगरीय प्रशासन ने किया हस्तक्षेप

# विवाद के बीच नाली निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

नगर पंचायत से लेकर मंडी चौक तक 600 मीटर तक नाली निर्माण कार्य शुरू होते ही विवाद शुरू हो गया माहौल गर्म होता देख सीएमओ अमिरेश सिंह ने एसडीएम पथरिया और पुलिस प्रशासन को सूचित कर दिए फिर पुलिस फोर्स नगर पंचायत अमले के साथ मौका पर पहुंच जेसीबी से खुदाई शुरू कराया गया और बुधवार को कई जगहों पर खुदाई पूर्ण हो गई। वहीं जिन व्यापारियों का निर्माण नाली के जद में आ रहा है, उन्हें गुरुवार तक सामान हटाने की मोहलत दी गई है।

नगर के मुख्य बाजार से होते हुए नगर आउटर तक गंदे पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये नगर पंचायत द्वारा 600 मीटर नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष ग्वाल दास अनंत द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ग्वाल दास अनंत ने बताया कि 33 लाख की लागत से बनाए जाने वाले प्रमुख नाली निर्माण की मांग नगरवासियों द्वारा बहुत पहले से की जा रही थी, जिसे ध्यान में रखकर इसके लिए राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने नगर विकास के लिये इस नाली निर्माण को बहुत जरूरी बताते हुए मुख्य बाजार में जलभराव से मुक्ति मिलने की बात कही। सड़क से 25 फिट की दूरी पर नाली निर्माण शुरू होने से व्यापारियो को होने वाली समस्याओं को लेकर पूछे गये सवाल पर अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व में एसडीएम पथरिया द्वारा निर्धारित दूरी पर ही खुदाई शुरू हुई है, जिसके लिए व्यापारियो ने पहले ही सहमति दी थी। हम किसी व्यापारियों का अहित नहीं चाहते।



पुलिस के साथ सीएमओ अमिरेश सिंह एवं इंजीनियर पुष्पा तिर्की मुख्य बाजार में नाली निर्माण की शुरुआत कराते हुए।

**तीन करोड़ की लागत से कई विकास कार्य**

नगर पंचायत अध्यक्ष ग्वाल दास अनन्त ने बताया कि नगर में बस हाईटेक स्टैंड सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिये तीन करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इन कार्यों से नगर को एक विकसित नगर की पहचान देने के लिए पूरा परिषद प्रयास कर रहा है। अचार संहिता के कारण कार्य रुका हुआ था, जो अब फिर से प्रारंभ होगा और नगर में द्रुतगति से विकास कार्य होंगे।

**कुछ व्यापारियों को नुकसान**

नगर में प्रारम्भ हुए नाली निर्माण से कई छोटे-छोटे व्यापारियों से लेकर बड़े व्यापारियों के दुकान का सामने हिस्सा टूटने जा रहे है, जिसे लेकर उनमें काफी नाराजगी देखी गई। व्यापारियों का कहना है कि सड़क से 25 फीट लेने के बजाए 20 फीट लिया जाए, जिससे व्यापारियों को नुकसान से बचाया जा सके।



मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रतिनिधि मंडल।

## सीएम साय को व्यापार मेले का आमंत्रण

**मुंगेली।** स्टार्स आफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर व्यापार मेले में सम्मिलित होने का न्यौता दिया, जिस पर उन्होंने मेले में शामिल होने का आश्वासन प्रदान किया। मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले के प्रतिनिधित्व में स्टार्स आफ टुमारो के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने आमंत्रण पत्र निवेदित करते हुए मुख्यमंत्री को मेले में सम्मिलित होने का न्यौता देने के साथ ही मुंगेली के त्यौहार के नाम से प्रसिद्ध बहुप्रतिष्ठित मुंगेली व्यापार मेला के 8वें वर्ष के ब्राउसर का विमोचन किया। इस अवसर पर स्टार्स ऑफ टुमारो के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार उपस्थित रहे। छह दिवसीय मुंगेली व्यापार मेला का आयोजन 18 से 23 जनवरी 2024 तक किया जा रहा है। जिसकी ख्याति साल दर साल बढ़ती ही जा रही है।

## सारंगी, तबला वादन ने मोहा मन

**मल्हार।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय का माहौल संगीतमय हुआ। स्पीक मैके द्वारा आयोजित सारंगी एवं तबला वादन समारोह बुधवार को पीएम श्रीजवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार स्पाइक मैके के तत्वाधान पीएम श्री नवोदय श्रृंखला के अंतर्गत सारंगी एवं तबला वादन की प्रस्तुति प्रसिद्ध सारंगी वादक सरवर हुसैन एवं शहनवाज हुसैन के द्वारा प्रस्तुत की गई। अद्वितीय प्रतिभा के कारण सरवर हुसैन विश्व में सारंगी के पर्याय बन चुके हैं, ग्वालियर में जन्मे सरवर खानदानी कलाकार हैं। इनके परिवार में दादाजी पद्म उस्ताद अब्दुल लतीफ़ खान और इनके वालिद उस्ताद अनवर हुसैन सारंगी के महान उस्ताद हुए। उनके विद्यालय आगमन पर प्राचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं उप प्राचार्य पीआर शंकरी ने स्वागत किया। सरवर हुसैन के साथ तबला वादक शहनवाज हुसैन एवं सरवर के सुपुत्र अमान हुसैन बाल कलाकार ने भी शिरकत की। विद्यालय



कप्तान मास्टर आकाश द्वारा सभी कलाकारों का संक्षिप्त परिचय दिया गया। सारंगी पर सरवर हुसैन एवं तबले पर शाहनवाज हुसैन ने ऐसा समां बांधा कि सभागार में उपस्थित सभी श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। प्रथम प्रस्तुति के पश्चात सरवर हुसैन ने हिन्दी फिल्म ग़दर -2 के गीत उड़ जा काले कांवा तेरे पर सारंगी वादन कर के सभी को अपनी प्रतिभा का कायल बना दिया‌। इस संगीतमय वादन प्रस्तुति के बाद विद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी कलाकारों को सम्मानित और विद्यालय कप्तान आकाश द्वारा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

## गुरुघासीदास बाबा ने एकता, भाईचारे, समरसता का दिया संदेश: पुजारी

**सीपत।** संत शिरोमणि बाबा गुरूघासीदास का 267 वीं जयंती समारोह मंगलवार को एसटी एससी एसोशिएशन एनटीपीसी सीपत द्वारा कला निकेतन में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथ्य परियोजना प्रमुख रमानाथ पुजारी, अध्यक्षता सुरेश कुमार डाहरे ने की।

■ विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाएं हुए पुरस्कृत

परियोजना प्रमुख के साथ संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा, महाप्रबंधक एफएम अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक आरएलआई एंड बीई आलोक त्रिपाठी, चिकित्सा विभागाध्यक्ष भवनीश समन, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष जे सत्यकाम,




प्रतिनिधि यूनियन इंटक के अध्यक्ष सलीम विरानी, महासचिव ललित पगारे, बीएमएस व सीटू यूनियन, कार्यपालक एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

जयंती समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। एसटी एससी एसोशिएशन के सौजन्य से बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेश रात्रे मुकेश लहरे श्याम कार्तिक प्यारेलाल बघेल नरेश मरकाम कालीचरण सिदार देवकुमारी राजकुमारी जे प्रधान नवीन कुर्रे कविलास धर्मेंद्र सुरेश धृतलहरे राधेश्याम रामकुमार देव प्रताप तिलकेश महासचिव ओंकार परिहार एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसोशिएशन के महासचिव ओंकार परिहार ने किया। सारंगढ़ से पहुंची टीम ने अपने पंथी नृत्य के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख रमानाथ पुजारी ने बाबा गुरुघासीदास के जीवनी को बखान करते हुए उनके मनखे मनखे एकसमान के संदेशों का बखान किया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, ऊंच नीच, झूठ-कपट का बोलबाला था। बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे तथा समरसता का संदेश दिया। घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था की वजह से ही इन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए।

## तहसील स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जरहागांव।** संकल्प यात्रा के दौरान गांव के लोग जुड़कर जमीनी स्तर के विभिन्न समस्यायों का निराकरण पाने हेतु आवेदन लेकर संकल्प यात्रा में पहुंच रहे हैं। इस दौरान गांव में मेले सा महौल रहता है। जन जागरूकता करते हुए हर एक योजनाओं को घर-घर तक पहुचाने के उद्देश्य से हर योजना का लाभ लेने लोगों से आग्रह किया जा रहा है।

■ भथरी,पदमपुर में लोगों ने कैम्प का उठाया लाभ

तहसील क्षेत्र के भथरी, पदमपुर में संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। शासकीय सभी विभागों द्वारा आयोजन स्थान पर कैम्प लगाकर हर प्रकार की सेवा उपलब्ध कराई गई। पंचायत भथरी एवं पदमपुर में विकसित भारत केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया गया है। इसके तहत मोदी की गारंटी रथ भथरी एवं पदमपुर में पहुंची। मोदी की गारंटी वाहन में लगे आईईसी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को सरकार की कई योजनाओं से न केवल अवगत कराया गया बल्कि हितग्राहियों को लाभ लेने जागरूक भी किया। ग्रामीणों के साथ बच्चों ने काफी उत्साह के साथ प्रधानमंत्री को सुना। इस दौरान जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जन धन योजना, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, स्वसहायता समूह, मितानिन समूह, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आधार अपडेशन सहित अन्य स्टाल लगाए गए। सभी योजनाओं के बारे में तत्काल बताते हुए मौके पर ही लाभार्थियों का पंजीयन और योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर स्थल पर हेल्थ चेकअप कैंप में दवा वितरण खून मूत्र की जांच हेतु विशेष चिकत्सा दी गई।

**विद्युत विभाग का नहीं लगा स्टाल**

सभी विभागों के स्टाल लगाई जा रहे हैं, पर विद्युत विभाग का स्टाल किसी भी गांव के विकसित भारत संकल्प यात्रा में नही लगाया गया है। भथरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बिद्युत विभाग के स्टाल नहीं लगने पर विद्युत सम्बन्धित समस्या को लेकर पहुंचे उपभोक्ता के बिजली बिल, खंबे हटाना, तार टूटना, हॉप रोशनी, अघोषित बिजली कटौती, ट्रांसफार्मर आदि समस्या का हल नहीं निकल पा रहा है।

## प्रांतीय सम्मेलन में शामिल हुए सोनार समाज के सदस्य



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज का प्रांतीय सम्मेलन रतनपुर में मुंगेली सोनार समाज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में समाज की समस्याओं और उनमें सुधार तथा अन्य ज्वलंत विषयों पर विचार विमर्श कर रणनीति बनाने पर चर्चा की गयी। महामाया देवी मंदिर परिसर रतनपुर में आयोजित सम्मेलन में समाज के अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी ने समाज की प्रमुख समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं इस पर बारह प्रमुख बिंदु रखे। । सम्मेलन में मुंगेली सोनार समाज से अध्यक्ष मनहरण लाल सोनी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम सोनी, सचिव अशोक सोनी, उपाध्यक्ष त्रिलोकी सोनी सराफा संघ अध्यक्ष धीरज सोनी तथा सदस्यों में कमल किशोर सोनी, विनय सोनी, नंदू सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी रामगढ़, राजेश सोनी सराफा व्यवसायी, संतोष सोनी, संजय सोनी, रवि सोनी, राहुल सोनी, अर्जुन सोनी, संजय सोनी, महेश सोनी, गौतम सोनी, डॉ. सुनील सोनी, शिक्षक राजेश सोनी, प्राचार्य विजय सोनी, शिक्षक लक्ष्मीकांत सोनी आदि सदस्यों ने रतनपुर के प्रांतीय सम्मेलन में शामिल हुए।

### पंथी नृत्य प्रतियोगिता का पंजीयन आज तक

**मुंगेली।** गुरूघासीदास लोक कला महोत्सव के अंतर्गत जिले में 22 दिसंबर को पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ-साथ निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला आदि की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 21 दिसंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। इच्छुक नर्तक दल कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मुंगेली कक्ष क्रमांक 221 में तथा पड़ाव चौक छात्रावास परिसर में अधीक्षक एचडी डहरिया तथा विवेक कुमार सनाड्य से सम्पर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। इसी प्रकार उक्त कार्यालय में अन्य प्रतियोगिता के लिए भी आवेदन निर्धारित तिथि तक लिए जाएंगे।

## भक्ति की परीक्षा लेते हैं ईश्वर: पं.अयोध्या

**तखतपुर।** कैलाश नगर निवासी सांसद प्रतिनिधि गोरेसिंह ठाकुर निवास में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कथा वाचक पं आयोध्या प्रसाद तिवारी ने कथा विस्तार करते हुए कहा कि व्यक्ति को ईश्वर उसके मन के अनुरूप कोई भी मदद नहीं करते अपितु व्यक्ति के जो हित में हों ईश्वर वहीं कार्य करते हैं। कभी-कभी व्यक्ति ईश्वर की आराधना करने के बाद भी यह पाता है कि वह किसी मुसीबत में फंसा हुआ है तो इसका आशय यह नहीं कि ईश्वर उसकी प्रार्थना को नही सुन रहे हैं, बल्कि ऐसे समय में ईश्वर व्यक्ति की भक्ति की परीक्षा लेते हैं कि वह ईश्वर के प्रति कितनी आस्था रखता है। भगवान की शरण में आए हुए व्यक्ति की हर तकलीफ और मुसीबत को ईश्वर दूर कर देते हैं। बस व्यक्ति को भगवान के प्रति आगाध श्रद्धा रखनी चाहिए। श्रीमद भागवत कथा में कथा



वाचक कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हो जाती है, जिसमें श्रद्धालू बड़ी श्रद्धा के साथ कथा श्रवण करने के लिए पहुंचते हैं। कथा दिवस को प्रहलाद चरित्र और समुद्र मंथन पर कथा की गई। इस अवसर पर नारायण सिंह ठाकुर, श्रीमती दुर्गावती कामेश्वर राजपूत, लता दिनेश राजपूत, भारती चित्ररंजन सिंह, बीना भूपेंद्र सिंह, सोनू नरेंद्र सिंह, सुनील सिंह, राजकुमार, हीरा सिंह, मनी सिंह, चंद्रभान सिंह, जितेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस

**तखतपुर।** निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों को कारण बताओं सूचना जारी कर जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। विकासखण्ड में शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। शिक्षकों को न्यूनतम दस्ता हासिल करने के लिए लगभग तीन माह पूर्व पत्र लिखा गया है और इसे हासिल नहीं करने वाले विद्यालय के शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत जायसवाल ने पूर्व माध्यमिक शाला अमने का सुबह 10:15 बजे निरीक्षण किया। इस दौरान वहां कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं था। इसी तरह प्राथमिक शाला अमने में भी कोई उपस्थित नहीं थे। पूर्व माध्यमिक शाला देवतरा में पदस्थ शिक्षक राजकुमार तिवारी, रामकिशोर, अरूण कौशिक और प्राची दुबे निरीक्षण के समय अनुपस्थित थे। बीजा में राजकुमार क्षत्री और श्रीमती पुष्पा प्रधान अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित शिक्षकों को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की ओर से कारण बताओं सूचना जारी किया गया है।

**कार्यालय प.ह.न. 34 तहसील व जिला बिलासपुर**
**/ / सूचना //**

प्रति,
1. स्मिता उर्फ स्वीटी 2. फुलवंती चड्डा 3. जागेश्वरी साहू 4. लूथरा 5. चन्द्रशेखर साहू 6. ओ.पी. सिंह

विषय :- सीमांकन / स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत।

सन्दर्भ :- न्या तह./अति.तह/ना.तह. बिलासपुर के ज्ञापन दिनांक 18/10/2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है की मौजा कुदुदण्ड प.ह.नं. 34 रा.नि.म. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग में आवेदक स्मिता उर्फ स्वीटी पिता किशोर कुमार जाति...निवासी कुदुदण्ड बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 329/12 रकबा (0.018) हे. का सीमांकन करने संदर्भित पत्र के माध्यम द्वारा दिनांक 28/12/2023 समय 02:00 PM से बजे किया जाना है। अत: आप समस्त अधिसूचित व्यक्ति नियत दिनांक एवं समय को भूमि सम्बंधित आवश्यक दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित रहेंगे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही हेतु आप स्वत: जिम्मेदार रहेंगे।

टीप:- नियत दिनांक एवं समय को आवश्यक शासकीय कार्य आने की स्थिति में सीमांकन/स्थल जांच टाला जा सकेगा एवं अगले दिनांक हेतु पृथक से सुचना जारी किया जाएगा।

**नितेन्द्र सिंह तोमर**
**प.ह.न. - 34**
**तहसील बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

ग्राम अमेरी तह सकरी
जिला बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल सिंह ठाकुर पिता एफ.आर. ठाकुर वगै. निवासी- नगर निगम कालोनी, व तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम अमेरी, तहसील सकरी स्थित भूमि खसरा नं. 468, 469, में से 1500 वर्गफीट भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है खरीदी हक के आधार पर आवेदक के नाम पर दर्ज हुआ है। उक्त भूमि वर्तमान रिकार्ड में आवेदक के नाम पर दर्ज नहीं है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर जिला बिलासपुर में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय में जाँच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 29/12/2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**अति. तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**
**/ / ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं./ब-121/2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री / श्रीमति / कु. प्रकाशराम ध्रुव पिता/पति / पत्नि श्री गोराराम ध्रुव, निवासी ग्राम उसलापुर, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग. के द्वारा अपने पुत्र सोमु ध्रुव का जन्म दिनांक 06.02.2013 को हुआ है। ग्राम पंचायत / नगर पंचायत/नगर पालिक निगम सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा घटना के संबंध में निम्न विवरण उपलब्ध कराते हुए जन्म / मृत्यु की घटना को छ.ग. राज्य जन्म/मृत्यु पंजीयन नियम 2001 के नियम 9 ( 3 ) (भारत शासन में जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम की धारा 13 (3) के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन क्षेत्र (पंचायत / नगर पंचायत / नगर पालिक निगम / चिकित्सालय का नाम) सकरी के रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु ) एवं ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सकरी/मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत सकरी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरी प्रभारी अधिकारी, प्राथमिक / उप स्वास्थ्य केन्द्र सकरी तहसील सकरी जनपद पंचायत तखतपुर जिला बिलासपुर के पास जन्म / मृत्यु की एक घटना के विलंब पंजीयन की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05.01.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 20.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।


**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसील-सकरी**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**


क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2023,
बिलासपुर, दिनांक 04.12.2023

श्री मनहरण चतुर्वेदी आत्मज श्री गोपाल चतुर्वेदी उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम अमेरी तहसील व थाना सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी खुशी दीक्षित आत्मजा श्री रामकिशोर दीक्षित उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम अमेरी तहसील व थाना सकरी जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉंक 15.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



मनहरण चतुर्वेदी



खुशी दीक्षित

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)




मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वप्निल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : श्रीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रहन लक्ष्मी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

20- DEC- BSP- p-5_Layout 1 12/21/2023 12:39 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### श्री राणी सती दादी का संगीतमय महा मंगल पाठ आज

**बिलासपुर।** श्री राणी सती दादी का संगीतमय महा मंगल पाठ गुरुवार 21 दिसंबर को किया जाएगा। इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस संबंध में सीए आनंद अग्रवाल ने बताया कि 21 दिसंबर गुरुवार को दोपहर 3 बजे से गोविंदम पैलेस के लान में गुजरात की प्रख्यात भजन गायिका सुश्री




सुरभि बिरजुका सूरत के मधुर कंठों से श्री राणी सती दादी का संगीतमय महा मंगल पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर पारंपरिक हल्दी एवं मेंहदी संस्कार के पश्चात विवाह पर साक्षात भगवान भोलेनाथ एवं जगतजननी माता पार्वती द्वारा संगीत मय आशीर्वाद संस्कार संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि श्री दादी के देवी स्वरूप प्राकट्य बेला में ढोल नगाड़ों व मृदंग के साथ तांडव नृत्य तथा गंगा आरती की तर्ज पर बनारस के पांडित्य द्वारा भव्य आरती के साथ 501 मिट्टी के दीप प्रज्वल्लित कर एक साथ श्री दादी की महाआरती की जाएगी। अंत में श्री दादी की रसोई में तैयार छप्पन भोग एवं स्वादिष्ट भोजन प्रसाद ग्रहण कर इस यादगार आयोजन का समापन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की समस्त धर्मप्रेमी जनता उक्त निःशुल्क आयोजन में बिना रोकटोक के सहजता से शामिल हो सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी जोर जोर से की जा रही है।

### रामराज्य की परिकल्पना से विकसित भारत का सपना हो सकता है साकार




**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कौशल विकास एवं उद्यमिता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 20 दिसंबर को व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसमें डॉ.एचएस होता ने स्वागत भाषण दिया। विषय विशेषज्ञ डॉ. बलराम सिंह ने भारतीय संस्कृति, रामराज्य की परिकल्पना के आधार पर विकसित भारत के सपनों को साकार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के भारत आने के पूर्व लगभग 250 वर्ष पूर्व भारत विकसित था। भारतीय परम्परा सबको समान दृष्टि से देखता है। उन्होंने कहा कि दूसरों का हित करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है और यही भारतीय परम्परा हमें सिखाती है। उन्होंने कहा कि रामराज्य के मापदंडों के आधार पर ही विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। रामराज्य में प्रजातंत्र था। प्रजातंत्र में शिक्षा की अलग व्यवस्था थी। उन्होंने कहा कि यदि आप दूसरे की सेवा करते हैं तब आपको एक आत्मीय खुशी मिलती है। जहां पर जुड़े हैं वहीं रहकर सेवा करने से राष्ट्र विकसित होगा। विकसित भारत के लिए हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात करनी होगी।

### छग सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने की हड़ताल, सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** छग सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन बिलासपुर इकाई के सभी 1 हजार सदस्य अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। हड़ताल का संचालन तेलीपारा से हुआ। सचिव रोशन कुमार ने बताया कि इस दौरान दवा के सेल्स प्रमोशन का काम पूरी तरह से ठप रहा। मेडिकल काम्प्लेक्स में आयोजित सभा में दवाओं के दाम कम करने, दवाओं पर जीएसटी शून्य करने जैसे मुद्दों सहित देश में कार्यरत 12 लाख मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स के लिए वैधानिक कार्य नियमावली बनाने, सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज एक्ट लागू करने जैसे मुद्दों को लेकर इकाई सचिव रोशन कुमार, अध्यक्ष सोमप्रभ शर्मा ने अपने विचार रखे। सरकार से संबंधित मांगों के संबंध में छग राज्य के उपाध्यक्ष अनुपम उपाध्याय नें सभा को संबोधित किया।

### डॉ. अंजू को मिला अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान

**बिलासपुर।** डी.पी. विप्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला को के.बी. हिन्दी सेवा न्यास बदायूं उत्तरप्रदेश द्वारा 9 वें अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया है। शांति देवी स्मृति शोध विभूषण यह सम्मान



हिन्दी भाषा के समग्र प्रदेय, विकास उन्नयन, संपादन, साहित्य, कला संस्कृति, शिक्षा, योग, संगीत, रंगमंच, खेल, पत्रकारिता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के लिए डॉ. सतीश चन्द्र शर्मा 'सुधांशु' संस्थापक अध्यक्ष, आशुतोष कुमार शर्मा, आशीष कुमार शर्मा 'नीटू' सचिव के.बी. हिन्दी सेवा न्यास संस्थान तथा डी.पी. विप्र महाविद्यालय के चेयरमेन अनुराग शुक्ला, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ. विवेक अंबलकर, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. किरण दुबे, प्रो. रूपेन्द्र शर्मा ने डॉ शुक्ला को बधाई दी है। उक्त जानकारी डॉ. एम.एस. तम्बोली विभागाध्यक्ष लोक प्रशासन विभाग ने दी।

### कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज की नगर इकाई का गठन



**बिलासपुर।** रतनपुरिहा कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज की नगर इकाई का गठन पचरीघाट जूनाबिलासपुर में किया गया। इसमें मनोज गुप्ता अध्यक्ष चुने गए। वहीं संरक्षक बद्री प्रसाद गुप्ता एवं रमेश गुप्ता बनाए गए। उपाध्यक्ष गिरिश गुप्ता, नवीन गुप्ता, सचिव रामायण गुप्ता, कोषाध्यक्ष राम गोपाल गुप्ता, सहयोगी नरेन्द्र शाह व भवन प्रभारी प्रमोद गुप्ता तथा सहयोगी मनोहर गुप्ता को सर्वसम्मति से मनोनीत किए गए। इसमें चुनाव अधिकारी बद्री प्रसाद गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता व शिव कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता, नरेन्द्र शाह,रामकुमार गुप्ता, संजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता आदि ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों व सदस्यों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया। सभी चयनित पदाधिकारियों ने समाज के विकास के लिए मिलजुलकर काम करने एवं आय- व्यय की जानकारी हर तीन माह की बैठक में देने की बात कही। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# रंगोली में अयोध्या का राम मंदिर, मोदी का संदेश



स्वदेशी मेला में रंगोली से राम मंदिर का चित्र बनाती युवा कलाकार।




रंगोली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### राम, हनुमान भगवान का कई स्लोगन लिखकर लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में छठवें दिन बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें से अधिक महिलाओं, युवतियों ने भाग लेकर आकर्षक व संदेशात्मक रंगोली सजाई। ज्यादातर प्रतिभागियों की रंगोली अयोध्या में बन रहे राम मंदिर पर आधारित रही। इसमें मोदी है तो मुमकिन है का स्लोगन लिखकर पीएम मोदी के भी चित्र उकेरे गए। स्वदेशी मेला का समापन गुरुवार 21 दिसंबर को पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

मेहंदी प्रतियोगिता जूनियर, सीनियर दो वर्गो में आयोजित की गई। सभी को रंगोली बनाने डेढ़ घंटे का समय दिया गया। निर्णायकों ने थीम, कलर भराई एवं फिनिशिंग के आधार पर विजेताओं का चयन किया। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा गुरुवार 21 दिसंबर को की जाएगी। रंगोली स्पर्धा का प्रमुख आकर्षण अयोध्या में बन रहे राममंदिर पर आधारित रंगोली रही। दयालबंद की दिव्या कश्यप ने राम मंदिर में पवनसुत हनुमान द्वारा सूक्ष्म रूप से सहयोग करने संबंधी स्लोगन लिखकर हनुमान की बेहतरीन रंगोली बनाई। दिव्या

### स्वदेशी मेले का समापन आज होगी विजेताओं की घोषणा

पेंटिंग, रंगोली आर्टिस्ट है। ऑनलाइन ऑर्डर पर स्केचिंग भी बनाती है। दामिनी ने कण-कण में विष्णु बसे जन जन में राम लिखकर राम मंदिर के सामने राम को लाते हुए पीएम मोदी के चित्र अपने रंगोली में उकेरी। हेमूनगर की नेहा डोडेजा ने प्रकृति पर आधारित एक बढ़िया सिनरी की रंगोली बनाई। नेहा को सीन बनाना बहुत पसंद है। जूनियर वर्ग की वंशिका सदाफले द्वारा राइट टू एजुकेशन पर सजाई गई रंगोली को भी लोगों ने बेहतर बताया। निर्णायक की भूमिका में विनीता यादव, सविता गौर सीनियर एवं रेखा खुराना, मीना दीक्षित जूनियर रहीं। इस मौके पर अरूणा दीक्षित, किरण मेहता, नीता श्रीवास्तव, शोभा कश्यप, मीना गोस्वामी, मीनाक्षी, कविता वर्मा, उषा भास्कर, अर्चना मल्लेवार, कविता वर्मा, संध्या, किरण, सृष्टि सिंह, निधि तिवारी, पूनम, चंचल कुशवाहा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

#### छत्तीसगढ़ी नाचा की प्रस्तुति

रात्रि में चंदन यादव एण्ड टीम ने पारंपरिक वेश में छत्तीसगढ़ी नाचा की प्रस्तुति दी। इसका लोग देर रात तक आनंद उठाते रहे। कार्यक्रम में अभिजित मित्रा, अंकिता मेहता, अर्णव चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

#### है खुद की कला

रंगोली में कुछ युवकों ने भी भाग लिया। ग्राम ढेका से आए प्रमोद कैवर्त ने गोपाल कृष्ण गोखले की हुबहू चित्र रंगोली में बनाया। प्रमोद ने बताया कि यह उसकी खुद की कला है। वह इससे पहले अन्य प्रतियोगिता में भगत सिंह, बिरसा मुंडा के चित्र एवं योग पर आधारित रंगोली सजाई थी। जिसे काफी पसंद किया गया था और प्राइज भी मिला था।

#### आदिवासी व ग्रामीण महिला पर रंगोली

चिंगराजपारा की झरना साहू ने पारंपरिक गहना पहनी एवं जूड़े में घास-पुस लगाई एक आदिवासी महिला एवं तेलीपारा की काजल पाण्डेय ने सिर में भोजली लिए एक ग्रामीण महिला व मांदर बजाते एक व्यक्ति की रंगोली सजाई। काजल ने बताया कि भोजली छत्तीसगढ़ का एक लोक पर्व है। इसे रंगोली के माध्यम से लोगों तक पहुंचाना उनका उद्देश्य रहा। झरना अपनी इस कला को व्यवसाय के रूप में अपनाना चाहती है। सिद्धि स्वर्णकार की राममंदिर व आंचल साहू की राधा-कृष्ण की रंगोली भी सराही गई।

#### हेल्पलाइन नंबर का उठाए लाभ

कॉलेज की छात्रा दीपिका साहू स्वास्थ्य सेवा 102, चाइल्ड हेल्पलाइन 1089, पुलिस सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108, महिला शक्ति पर रंगोली सजाई। दीपिका का कहना था कि शासन द्वारा लोगों की सुरक्षा व सहायता के लिए कई हेल्पलाइन जारी किया गया है, पर जानकारी के अभाव में लोग उसका उपयोग नहीं कर पाते हैं।

## आध्यात्मिक ज्ञान समाज के लिए बहुत जरूरी



छग हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय अग्रवाल का सम्मान करतीं ब्रम्हाकुमारी बहन।

आज प्रत्येक युवा को मूल्य निष्ट शिक्षा एवं श्रेष्ठ संस्कार देने की आवश्यक है। वर्तमान युवाओं के अंदर ज्ञान है, परंतु आध्यात्मिक मूल्यों एवं आदर्श ज्ञान का अभाव होता जा रहा है। संस्कार विहीन मनुष्य का जीवन एक पशु के समान हो जाता है। मूल्य आधारित शिक्षा से युवाओं में श्रेष्ठ संस्कार बनेंगे।

उक्त बातें ब्रह्माकुमारीज की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन द्वारा स्वदेशी मेला में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी 'मेरा बिलासपुर व्यसन मुक्त बिलासपुर एवं मेरा बिलासपुर दुर्घटना रहित बिलासपुर' का अवलोकन करते हुए छग हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय अग्रवाल ने कही। ब्रह्माकुमारीज़ के कार्यो की सराहना करने हुए न्यायाधीश श्री अग्रवाल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा दिया जा रहा आध्यात्मिक ज्ञान समाज के लिए बहुत आवश्यक है। आध्यात्मिक शिक्षा केवल सुनने-सुनाने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, अपितु व्यवहारिक क्षेत्र में भी उसको उपयोग में लाना आवश्यक है। तभी विश्व में शांति, सद्भावना और धार्मिक सहिष्णुता का वातावरण बन सकता है तथा हिंसा, भ्रष्टाचार, अत्याचार आदि का अंत हो सकता है। इससे पूर्व सेवाकेन्द्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने न्यायाधीश संजय अग्रवाल एवं परिवार का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा की जा रही सामाजिक गतिविधियों एवं चरित्र उत्थान के लिए की जा रही सेवाओं से अवगत कराया। सेवाकेन्द्र पधारने का अनुरोध किया।

### सीवीआरयू को ए ग्रेड मिलने पर दी शुभकामनाएं


# आईसेक्ट के सभी विवि जल्दी होंगे सर्वोच्च ग्रेडिंग में शामिलः चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद का ए ग्रेड प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि आईसेक्ट ग्रुप का यूनिवर्सिटीज के सभी 6 विश्वविद्यालय में नैक ग्रेडिंग के लिए प्रक्रिया में है, जल्द ही हम सभी विश्वविद्यालयों में नेक ग्रेडिंग पूरा कर सर्वोत्तम ग्रेड प्राप्त करेंगे। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ग्रुप आफ यूनिवर्सिटीज नया मुकाम हासिल करेगा।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री चौबे ने बताया कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापना का उद्देश्य यह था कि कोटा के आदिवासी अंचल के अंतिम छोर के विद्यार्थियों तक उच्च शिक्षा की शिक्षा की अलख जगा सकें और उन्हें उच्च शिक्षा से सीधे तौर पर जोड़ सकें। विवि ने अपनी स्थापना के उद्देश्य को को पूरा करने के बाद आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) में ए ग्रेड पाने वाला प्रदेश का पहला निजी विवि बन गया है। 6 से 8 दिसंबर 2023 को नैक पीयर टीम ने डॉ. सीवी रमन विवि में विजिट किया था। नैक ने निर्धारित मापदंडों करिकुलम आसपेक्टस, टीचिंग लनिंग एंड एवल्यूश, रिचर्स इनोवेशन एंड एक्सटेंशन, इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड लर्निंग रिसोंस, स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन, गवर्नेंस लीडरशीप एंड मैनेजमेंट, इंडस्ट्रियल वैल्यू एंड बेस प्रैक्टिस को अपने मापदंडों के अनुरूप पाया है।

#### विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कार्य कर रहा



कुलाधिपति श्री चौबे ने बताया कि इसके पूर्व 2016 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने विवि को बी प्लस ग्रेट दिया था। उन्होंने बताया कि रविंद्र नाथ टैगोर विवि भोपाल बी ग्रेड प्राप्त है। जल्द ही वह भी नए ग्रेडिंग में अपडेट होगा। आईसेक्ट विवि झारखंड, सीवी रमन विवि वैशाली, सीवी रमन विवि खंडवा नेक ग्रेडिंग के लिए प्रक्रिया में है। उन्होंने बताया कि विवि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कार्य कर रहा एवं केंद्र शासन तथा राज्य शासन के मानसा के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है।

#### सीवीआरयू में केंद्र व राज्य सरकार के केंद्र स्थापित

कुलाधिपति श्री चौब ने बताया कि आईसेक्ट ग्रुप के सभी विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ स्थानीय कला संस्कृति साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में भी काम कर रहे हैं। इसके अलावा हम टेक्नोलॉजी के साथ-साथ चलते हुए, विश्व स्तरीय सुविधा विद्यार्थियों को उपलब्ध करा रहे हैं। केंद्र सरकार के द्वारा प्रदान किया गया, इनक्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जा चुका है। सीवीआरयू में प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र एवं केंद्र सरकार द्वारा प्रदत्त रेडियो रमन 90.4, सहित कई राज्य सरकार और केंद्र सरकार के केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। श्री चौबे ने बताया कि सीवीआरयू नैक ए ग्रेड प्राप्त करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना गया है। यह सीवीआरयू के लिए ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभी विश्वविद्यालय को शुभकामनाएं दी।

### रास उत्सव में किया गया रास, लगाए गए 56 भोग



## राधा सखी परिकर की सखियों ने सोलह श्रृंगार कर मनाया पाटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री राधा सखी परिकर ने बुधवार को सिरगिट्टी स्थित एएस फन में पाटोत्सव मनाया। इस उत्सव में परिकर की महिलाओं ने पारंपरिक वेश में सोलह श्रृंगार कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वृंदावन महिमा से हुआ। इसके बाद वृंदावन महिमा पर प्रकाश डाला गया। झूलन लीला कर कृष्ण, राधा जन्मोत्सव मनाया गया। रास उत्सव में सखियों ने रास किया। माखन चोरी, सगाई लीला, विवाह, मनिहारी, बसंत लीला का मंचन कर फाग व बधाई उत्सव मनाया गया। फाग



उत्सव में जमकर रंग उड़ेले गए। बधाई उत्सव में गिफ्ट की बौछार की गई। जिसे लेने उपस्थित लोगों में होड़ लगी रही। इस मौके पर आशा, उषा अग्रवाल, उषा सुल्तानिया, सीमा गुप्ता, अनुराधा बजाज, रीता, कविता बुधिया, अनिता अग्रवाल, सीमा गर्ग, रंजना, सुनीता अग्रवाल, राधा, रानू मित्तल सहित परिकर की अन्य सभी सखियों की उपस्थिति रही। अंत में लड्डू गोपाल को 56 भोग लगाकर आरती की गई। प्रसाद बांटे गए। सामूहिक भोज का आनंद लिया गया।

### विजेता टीम में दपूमरे बिलासपुर की 2 महिला खिलाड़ी शामिल

# सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में रेलवे की महिला टीम ने जीता कांस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन गुवाहाटी में 18 दिसंबर से किया गया है। इसमें भारतीय रेलवे की महिला बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है।

भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 2 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की इन महिला बैडमिंटन खिलाडियों में दीक्षा एवं के. प्रीती शामिल हैं। ये दोनों खिलाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में कनिष्ठ लिपिक, कार्मिक विभाग एवं कनिष्ठ लिपिक, अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत हैं। भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि आज इन महिला खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे के साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है। इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है।

भारतीय रेलवे की महिला बैडमिंटन टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक एवं अधिकारियों ने बधाई दी है। भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

### सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट कोरबा ने कोरिया को 106 रनों से हराया



राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का पहला मैच कोरबा बनाम कोरिया के बीच खेला गया। जिसमें कोरबा ने कोरिया को कोरिया को 106 रनों से शिकस्त देकर 6 अंक प्राप्त किए। मैच के निर्णायक डी बालाजी और रिशभ सोनी स्कोरर मोहम्मद जाकिर ऑब्जर्वर कमल घोष थे। बिलासपुर में अगला मैच 22 से 24 दिसंबर को कोरिया बनाम जशपुर के बीच खेला जाएगा।

### क्रास कंट्री में रेलवे की टीम प्रथम स्थान पर

54वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर पश्चिम रेलवे के उदयपुर, राजस्थान में किया गया था। प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पुरुष एवं महिला दोनों टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तीन खिलाड़ियों ने व्यतिगत रूप से 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक प्राप्त किया। रेलवे में यह पहली बार हुआ है, जब इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों टीम ने विजय प्राप्त कर इतिहास रचा है। प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के 13 जोन की महिला टीम एवं 15 जोन की पुरुष टीम ने भाग लिया था। व्यक्तिगत श्रेणी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एथलीट हेमराज गुर्जर/जूनियर अकाउंट क्लर्क, मुख्यालय/बिलासपुर ने स्वर्ण पदक, हरीश टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, बिलासपुर ने रजत पदक तथा मुन्नी देवी टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, बिलासपुर ने रजत पदक प्राप्त किया।

20 DEC- BSP-Bhoomi--pg-6_Layout 1 12/21/2023 12:31 AM Page 1



# संडे मार्केट के लिए चौपाटी व मल्टीपरपस स्कूल मैदान सबसे उपयुक्त, यहां पार्किंग के लिए जगह भी उपलब्ध

**सिम्स चौक से जूना बिलाससपुर तक अस्थायी दुकानों के कारण ट्रैफिक जाम रहता है**

- सदर बाजार से संडे मार्केट हटने पर छोटे दुकानदारों को हर सप्ताह की वसूली से राहत मिलेगी



हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गोलबाजार को बेतरतीब यातायात से मुक्ति दिलाने के लिए संडे बाजार को शनिचरी के चौपाटी में शिफ्ट करने की योजना ठंडे बस्ते में ही रह गई। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही इस बाजार को व्यवस्थित तरीके से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में भी लगाया जा सकता है, लेकिन यातायात पुलिस व नगर निगम के अधिकारी इसकी शिफ्टिंग करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसकी वजह से लोगों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है तो गोलबाजार और सदरबाजार के व्यापारी परेशान हैं।

संड़े मार्केट के लिए शहर के बीच में सबसे बेहतर जगह मल्टीपरपस स्कूल के पीछे का मैदान भी हो सकता है। यहां दिवाली के समय पटाखा बाजार तो होली के दौरान रंग-गुलाल की दुकानें सजती ही हैं। इस क्षेत्र में सदरबाजार और गोलबाजार जैसी भीड़ भी नहीं है तो सड़कें भी चौड़ी है। पार्किंग के लिए भी यहां जगह पर्याप्त है।

सिम्स चौक से गोलबाजार और कोतवाली चौक से जूना बिलासपुर चौक तक की सड़क पर हर रविवार लगने वाला बाजार शहरवासियों के लिए बड़ी समस्या बनते जा रहा है। इन अस्थायी दुकानों के कारण सुबह से लेकर शाम तक ट्रैफिक जाम रहता है। गोलबाजार के स्थाई दुकानदार भी सड़क में लगने वाले बाजार का विरोध कर रहे हैं। इससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है।

**मल्टीपरपस स्कूल मैदान में पर्याप्त जगह**


मल्टीपरपस स्कूल मैदान में पहले पटाखा बाजार भी लगती थी।

**चौपाटी में पार्किंग के लिए भी स्थान**


पचरीघाट के पास बनी चौपाटी में भी संडे बाजार लगाया जा सकता है।

## महानगर की तर्ज पर विकसित करने की जरूरत

दरअसल संडे बाजार में सामान सस्ता मिलने के कारण इसकी लोकप्रियता भी बढ़ी है। शहर के अलावा गांव से भी लोग खरीदारी के लिए संडे बाजार पहुंचते हैं। हर संडे इस बाजार में 15 से 20 हजार लोगों की भीड़ उमड़ती है। इतनी संख्या में लोगों के वाहन के साथ पहुंचने में बाजार की यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। इस कारण इस शिफ्टिंग के पीछे जिला प्रशासन की एक मंशा देश के बड़े शहरों की तरह शहर में भी सड़क में लगने वाले बाजार को व्यवस्थित करना था।

## निगम परिषद करेगी फैसला

संडे मार्केट को चौपाटी में शिफ्ट करने की योजना बनी थी। जगह भी उपलब्ध करा दी गई थी। बाद में लेकिन सामान्य सभा में छोटे दुकानदारों के लिए उसी बाजार को उपयुक्त बताते हुए शिफ्टिंग नहीं हो सकी। निगम के परिषद में इस बाजार को दूसरी जगह पर व्यवस्थित करने के बारे में फैसला लिया जाता है तो निगम प्रशासन उसी हिसाब से व्यवस्था बनाएगा।

**- सती यादव,** डिप्टी कमिश्नर, नगर निगम

## साइंस कालेज मैदान भी एक बेहतर विकल्प

संडे बाजार का चलन आमतौर पर हर बड़े शहर में होता है। रविवार को जब आम दुकानें बंद रहती हैं तो उनकी जगह पर छोटे दुकानदार सस्ते सामान सड़क पर आकर बेचते हैं। इसी तर्ज पर कुछ साल पहले शहर में भी संडे बाजार का चलन शुरू हुआ है। इसके लिए हर शहर में एक व्यवस्थित जगह तय है। बिलासपुर में भी इसके लिए बेहतर जगह साइंस कालेज मैदान का मैदान हो सकता है। यह मैदान खाली ही रहता है और यहां बाजार के लिए पर्याप्त जगह भी है। इस ग्राउंड में मेला, कैंप, सेमीनार तो होते ही रहता है। इस मैदान के किनारे में पार्किंग की जगह के साथ ही एक व्यवस्थित संडे मार्केट लग सकता है।

## वसूली से बच जाएंगे छोटे दुकानदार

रविवार को सदर बाजार बंद रहता है। दुकानों के शटर बंद मिले, लेकिन यहां की सड़क तड़के ही सज जाती है। जहां सजावट के आइटम, कॉस्मेटिक आइटम, खिलौने, कपड़े, चाइनीज लाइट समेत कई चीजों की बिक्री सस्ते दाम पर होती है। रविवार के दिन सड़क पर करीब हजार से अधिक दुकानें लगती हैं, ऐसे में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल रहता है। सबसे ज्यादा सड़क पर अवैध कब्जे रहते हैं। यह बाजार वसूली का जरिया भी बन चुका है। जिन लोगों की खुद की दुकानें हैं, उन्होंने अपनी दुकान के सामने की सड़क पर सामान बेचने देने के लिए हर दिन या महीने के हिसाब से रेट तय किए हुए हैं। यह एक हजार से तीन हजार रुपए तक है। अब साइंस कालेज, चौपाटी, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल या फिर मल्टीपरपस स्कूल खेल मैदान में इस बाजार के लगने से यह छोटे दुकानदार हर तरह की वसूली से बच जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### जेवर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

**बिलासपुर।** महिलाओं को झांसा देकर कीमती जेवर ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिल गई है। एक दर्जन महिला व पुरूष को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है पकड़े गए संदेही दिल्ली से आकर शहर में किराए के मकान में आकर महिलाओं से ठगी कर रहे थे। पिछले कुछ माह से सिविल लाइन, कोतवाली सहित अन्य इलाकों में अकेले महिलाओं को आते जाते देखकर कुछ युवक झांसा देकर उनसे कीमती जेवर की ठगी कर भाग जा रहे थे। वारदात के बाद पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर ठगी करने वाले गिरोह के पतासाजी में जुटी हुई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस को ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ने में सफलता मिल गई है। एक दर्जन महिला व पुरूष को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है गिरोह के सदस्यों से ठगी के कुछ जेवर बरामद कर लिया गया है। वहीं अन्य मामलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है पकड़े गए संदेही दिल्ली के रहने वाले हैं और लंबे समय से परिवार के साथ सरकण्डा व गोंड़पारा क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। बहरहाल ठगी करने वाले गिरोह के पकड़े जाने की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### ट्रेन में सोए यात्री का मोबाइल, नकद पार

**बिलासपुर।** कर्मभूमि एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री ने सोने से पहले अपना मोबाइल बैग में रखा और जैसे ही उसे नींद आई वैसे ही चोर ने बैग से उसका मोबाइल पार कर दिया। जीआरपी के अनुसार निजामाबाद तेलंगाना निवासी गुगुबोध फकीरा अंबर सिंग 22 साल 22512 मुम्बई एलटीटी कर्मभूमि में कामख्या से नागपुर तक सफर कर रहा था। सफर के दौरान वह अपना मोबाइल हाथ में लेकर बैठा हुआ था। बैठे-बैठे उसे नींद आने पर वह मोबाइल को बैग में रखकर सो गए। देर रात ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने पर जब उसकी नींद खुली तो उसने बैग में रखा हुआ मोबाइल और नगद रकम गायब देखा। यात्री की सूचना पर जीआरपी ने अज्ञात चोर के खिलाफ 379 के तहत अपराध कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### गांजा तस्कर को 4 साल कैद, 25 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** कोर्ट ने गांजा रखकर बिक्री करने वाले तस्कर को 4 साल कैद व 25 हजार रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। 9 अप्रैल 2023 को सिविल लाइन थाना के एएसआई राजेशधर दीवान को मुखबिर से सूचना मिली कि बृहस्पति बाजार में एक युवक गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर कोटा डोंगरीपारा निवासी मुकेश साहू पिता कमलेश साहू 19 साल को पकड़कर उसके पास से 4 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया। एएसआई श्री दीवान ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी मुकेश साहू को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 साल कठोर कारावास व 25 हजार रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई है।

# डॉक्टर ने कैल्शियम की दवा लिखी, रेडक्रॉस ने दूसरी गोली दे दी, सिम्स में मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गायनिक ओपीडी में जांच के लिए पहुंची गर्भवती महिला को स्त्रीरोग विशेषज्ञ ने कैल्शियम की दवा लिखी, लेकिन रेडक्रॉस के केमिस्ट ने गर्भपात की गोली दे दी, जिसके कारण महिला का स्वास्थ्य खराब हो गया। परिजन ने गलत दवा देने का आरोप लगाते हुए हंगामा मचाया है।

अशोक नगर निवासी पूजा सूर्यवंशी पति दीपक सूर्यवंशी 20 वर्ष 19 दिसंबर को जांच के लिए सिम्स अस्पताल के गायनिक ओपीडी पहुंची थी। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे कैल्शियम सहित कुछ अन्य दवा पर्ची में लिखकर दी। अस्पताल की दवा केंद्र से दवा नहीं मिलने पर दीपक ने सिम्स के रेडक्रॉस से दवा खरीदी। दोपहर में पूजा ने दवा ली, लेकिन शाम को उसके पेट में दर्द होने लगा जिसकी जानकारी उसने अपने पति को दी। दीपक ने अपने मामा ससूर जो डॉक्टरी करते है। उन्हे दवा की तस्वीर भेजी। तब उन्होंने वापस सिम्स जानकार डॉक्टर को गलत दवा देने की जानकारी दी। पति-पत्नी सिम्स पहुंचे तो डॉक्टर ने अपनी लिखी पर्ची और दवा को मिलाया तो दवा गलत निकल गई। वह दवा अबार्शन की थी, जिसके कारण तीन माह का भ्रूण मिसकेरेज हो गया। परिजन ने इस मामले को लेकर सिम्स में हंगामा मचाया और कार्रवाई की मांग की।


सिम्स में भर्ती पीड़िता



**केमिस्ट की लापरवाही गलत दवा खाने से गर्भवती का स्वास्थ्य बिगड़ा**

केमिस्ट ने गलत दवा दे दी।


दवा की पर्ची दिखाता पीड़ित।

### ढाई महीने पहले 3 साल के बच्चे की मौत

दीपक सूर्यवंशी ने बताया कि ढाई माह पहले ही उनके 3 साल के बच्चे की मौत हुई है। पत्नी दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली थी। हर माह उसे जांच के लिए अस्पताल भी ला रहा था। रेड क्रॉस में जाकर इसकी जानकारी दी तो वहां के कर्मचारी भी विवाद करने लगे।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

रेड क्रॉस में गलत दवा देने से गर्भवती महिला को समस्या होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में दवा केंद्र के कर्मचारियों से जानकारी ली गई है। उन्होंने बताया है कि संबंधित परिजन यहां से दवा लेकर गए, लेकिन बात में उसे बदलने के लिए आए पर बिल नहीं देने के कारण दवा बदली नहीं गई। कर्मचारी गलत दवा नहीं देने की बात कर रहे हैं। अब गुरूवार को संबंधित शिकायतकर्ता को बुलाया गया है। उनसे जानकारी लेने के बाद यदि गलती होने का प्रमाण मिलता है तो संबंधित कर्मी पर कार्रवाई की जाएगी।

**- सौरभ सक्सेना,** रेडक्रॉस प्रभारी।

# एसईसीएल की 3 खदानों को स्टार रेटिंग पुरस्कार


नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने दिया पुरस्कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल को 3 खदानों की स्टार रेटिंग एवं विशेष अभियान 3.0 की उपलब्धियों के लिए कोयला मंत्रालय ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। एसईसीएल के सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने बताया कि एसईसीएल की चरचा भूमिगत खदान (वर्ष 2018-19, 2019-20), बंगवार भूमिगत खदान (वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22) एवं खैरहा भूमिगत खदान (वर्ष 2020-21) के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार से नवाजा गया है।



यह अवार्ड कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया। श्री मिश्रा ने बताया कि कोयला मंत्रालय द्वारा कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को 7 व्यापक मॉड्यूलों खनन प्रचालन, पर्यावरण, प्रौद्योगिकी एवं बेस्ट प्रैक्टिस का समावेश, आर्थिक प्रदर्शन, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, श्रमिक संबंधित अनुपालन और सुरक्षा एवं संरक्षण के आधार पर देशभर की सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की कोयला एवं लिग्नाइट खदानों को स्टार रेटिंग दी जाती है। खदानों की उपलब्धियों का समग्र रूप से मूल्यांकन करते हुए स्टार रेटिंग फाइव स्टार से नो स्टार तक के स्तर पर प्रदान की जाती है। आज के कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय से कोयला सचिव अमृत लाल मीणा, अपर सचिव एम नागराजू, कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद एसईसीएल से निदेशक (तकनीकी सह योजना/परियोजना) एसएन कापरी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक सोहागपुर क्षेत्र पी कृष्णा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा, महाप्रबंधक (कल्याण/सीएसआर) रत्नेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

### पहला स्थान मिलने पर कोयला मंत्री ने किया सम्मानित

सीएमडी ने बताया कि एसईसीएल को भारत सरकार के विशेष अभियान 3.0 के तहत मीडिया प्रचार-प्रसार, सर्वाधिक साफ किया गया क्षेत्र एवं स्क्रैप निपटान से सर्वाधिक राजस्व एवं क्षेत्र के सभी 14 कोयला एवं लिग्नाइट खदानों में पहला स्थान हासिल करने के लिए कोयला मंत्री ने पुरस्कृत किया। विशेष अभियान 3.0 अंतर्गत एसईसीएल द्वारा लगभग 29 लाख वर्ग फुट से अधिक का क्षेत्र साफ किया गया। 2000 मेट्रिक टन से अधिक स्क्रैप हटाया गया जिससे 10 करोड़ से अधिक का राजस्व मिला। एसईसीएल भारत सरकार की सभी कोल-लिग्नाइट कंपनियों में अव्वल रही।

### भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर

सीएमडी श्री मिश्रा ने बताया कि कोयला मंत्रालय द्वारा वर्ष 2030 तक भूमिगत कोयला खदानों से कुल उत्पादन 100 मिलियन टन तक बढ़ाने का लक्ष्य है। एसईसीएल इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। जिसके फलस्वरूप पिछले वित्तीय वर्ष में काफी समय के बाद भूमिगत खदानों से कोयला उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है।

# एसपी ने पुलिस क्वार्टर का किया निरीक्षण जल्द मरम्मत कार्य कराने का दिया आदेश



पुलिस क्वार्टर का निरीक्षण करते एसपी संतोष कुमार सिंह, बेस्ट मेंटनेंस रखने वालों को किया पुरस्कृत ।

### बेस्ट मैंटनेस रखने वालों को मिला ईनाम

एसपी श्री सिंह ने पुलिस क्वार्टर की बेहतर रख रखाव कर सुंदर रखने वाले कर्मचारी के परिवार को बेसट मैंटनेस का ईनाम देकर प्रोत्साहित किया है, ताकि और अच्छी व्यवस्था बनान के लिए प्रेरित हो। उन्होने बच्चों को अच्छी तरह से पढ़ाने और परिवार को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने ईदगाह चौक स्थित पुलिस क्वार्टर का निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द मरम्मत कार्य कराने का आदेश दिया गया है। वहीं परिजनों से मिलकर आवास संबंधी समस्याओं की जानकारी ली।

एसपी संतोष कुमार सिंह ने बिलासागुड़ी में पुलिस परिवार से मुलाकात कर पुलिस क्वार्टर में जाकर मकानों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान आसपास की सफाई, पोताई, सुरक्षा की दृष्टि से क्वार्टर के सामने घेरा, ग्रिल, खुली नाली को ढकना, वाहन शेड और बच्चों के खेल मैदान आदि की आवश्यता पाई गई है। एसपी श्री सिंह ने डीएसपी मंजूलता केरकेट्टा, आरआई भूपेन्द्र गुप्ता को 49 से 84 तक पुलिस क्वार्टर का मरम्मत शुरू करने, टायलेट ब्लॉक, रिपेयर, 1 से 84 तक क्वार्टर की पुताई और अन्य कार्य जल्दी शुरू करने निर्देशित किया गया है। नीचे क्वार्टर में अवाश्यक घेरा किए स्थान को खाली करने सभी को आदेश दिए, ताकि सबके लिए कॉमन घेराकर सभी ब्लॉक को सुरक्षित किया जा सके। अधिकारियों के द्वारा उन्हें 72 व 10 क्वार्टर मरम्मत के लिए पीएचक्यू प्रस्ताव भेजने और जल्दी स्वीकृत मिने की संभावना होने की जानकारी दी गई है।

### एयू नान टीचिंग पद की लिखित परीक्षा में आधे उम्मीदवार ही पहुंचे

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के पदों के लिए सीधी भर्ती प्रक्रिया तहत प्रोग्रामर पद के लिए बुधवार को लिखित परीक्षा हुई। इस लिखित परीक्षा में लगभग आधे उम्मीदवार ही शामिल हुए और आधे से अधिक उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। लिखित परीक्षा गुरूवार को भी जारी रहेगी। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में नान टीचिंग के पदों के लिए बुधवार और गुरूवार दो दिन लिखित परीक्षा रखी गई है। आज प्रोग्रामर पद के लिए दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा हुई। प्रोग्रामर पद के लिए 105 उम्मीदवारों को बुलवाया गया था जिसमें से आधे से भी कम उम्मीदवार शामिल हुए और बाकी उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। भर्ती प्रक्रिया तहत लिखित परीक्षा होने के कारण यूनिवर्सिटी में सुरक्षा व्यवस्था भी तगड़ी रखी गई थी और कोनी थाना से पुलिस बल भी परीक्षा दौरान यूनिवर्सिटी परिसर में लगाया गया था। इसी तरह गुरूवार को कुलपति के निज सहायक एवं स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लिखित परीक्षा होगी। इसमें कुलपति के निज सहायक पद के लिए 170 उम्मीदवार और स्टेनो टायपिस्ट पद के लिए 190 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बुलाया गया है।

### किसान फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**बिलासपुर।** छग सरकार ने किसानों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा रबी मौसम के लिए शुरू किया है। भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित फसल बीमा का लाभ किसान उठा सकते हैं। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कर 31 दिसम्बर तक किसान अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा संचालित फसल बीमा कराने के लिए आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र की कॉपी, बैंक पास बुक की कॉपी, फसल बुवाई प्रमाण पत्र की कॉपी, किसानों का वैध मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुलने में अभी देर**

# कोनी के हॉस्पिटल में 40% मशीन विदेश से नहीं पहुंची

**बिलासपुर।** मरीजों को इस साल भी मल्टी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की सुविधा नहीं मिल पाएगी। सिम्स प्रबंधन ने अभी तक यहां मशीनों को इंस्टॉल नहीं कराया है, जबिक विदेश से केवल 60 प्रतिशत मशीनें ही यहां पहुंची हैं। 2013 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इस हॉस्पिटल की घोषणा की थी। जमीन आवंटन के बाद दिसंबर 2018 में कोनी स्थित 44.58 एकड़ भूमि में राज्य का दूसरा मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के लिए नींव रखी गई थी। प्रोजेक्ट 200 करोड़ का है, जिसके लिए केंद्र शासन 60 प्रतिशत और राज्य शासन 40 प्रतिशत राशि वहन कर रहा है। इस अस्पताल को दो साल के भीतर यानी फरवरी 2020 तक पूरा कर लेना था, लेकिन अभी तक यहां काम चल रहा है। 5 साल बीतने के बाद भी अब तक केवल भवन बनकर तैयार हुआ है। न तो यहां मशीनों का इन्स्टॉलेशन हो पाया और न ही यहां डॉक्टर्स सहित अन्य स्टॉफ की भर्ती हो पाई।



### गैस पाइप की हो रही टेस्टिंग

मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इन दिनों गैस पाइप लाइन की टेस्टिंग हो रही है। इसमें देखा जा रहा है। कि ऑक्सीजन का फ्लो कितना है। बुधवार को जांच के लिए प्रबंधन ने एक टीम भी भेजा, जिसका नेतृत्व डॉ. मिल्टन देबबर्मा ने किया। टीम ने मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में चल रहे गैस पाइप लाइन की जांच कराई। इसके साथ ही अन्य कामों को देखा।

### 500 स्टाफ की होनी है भर्ती

कोनी में बन रहे 11 मंजिला मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 250 बिस्तर पर मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार किया जाना है। उपचार और मरीजों की देखभाल के लिए डॉक्टर सहित लगभग 500 स्टॉफ की भर्ती भी होनी है। लेकिन अब तक केवल भवन ही बन पाया है। यहां कार्डियोलॉजी विभाग एवं कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी विभाग, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी विभाग और न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी विभाग संचालित होना है।

### 40 प्रतिशत मशीन नहीं आई

अभी भवन लगभग तैयार है। 40 प्रतिशत मशीनें आनी बाकी हैं। कई मशीनें विदेश से आएंगी। एमआरआई लग गया है। गैस पाइप लाइन की जांच की जा रही है। अस्पताल में प्रथम व द्वितिय श्रेणी के डॉक्टर अधिकारियों की नियुक्ति शासन करेगा। हमने संविदा नियुक्ति के लिए अनुमति मांगी है। शासन को इसके लिए पत्र लिखा गया है।

**-डॉ.के.के. सहारे,** डीन सिम्स।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि: स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411